संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

05 मई 2026, मंगलवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 224

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

## सुप्रीम कोर्ट का प. बंगाल में केंद्रीय बलों की तैनाती पर जल्द सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली ।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद भी केंद्रीय बलों की तैनाती जारी रखने की मांग वाली याचिका पर जल्द सुनवाई से इनकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है, कोर्ट की नहीं।

# पहली बार प.बंगाल में भाजपा सरकार

# तमिलनाडु के किंग बने अभिनेता विजय

## असम और पुडुचेरी में भाजपा, केरल में कांग्रेस, तमिलनाडु में टीवीके की सरकार

## प. बंगल की सीएम ममता बनर्जी और तमिलनाडु में स्टालिन चुनाव हारे



### प. बंगाल का चुनाव परिणाम

| पार्टी | आगे | जीते | कुल |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 112 | 94 | 206 (+129) |
| टीएमसी+ | 41 | 40 | 81 (-135) |
| कांग्रेस | 01 | 01 | 2 (+2) |
| लेफ्ट | 02 | 0 | 2 (+1) |
| अन्य | 0 | 2 | 2 (+2) |

### पुदुचेरी का चुनाव परिणाम

| पार्टी | आगे | जीते | कुल |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 02 | 16 | 18(+2) |
| कांग्रेस+ | 0 | 6 | 6(-2) |
| अन्य | 0 | 6 | 6(0) |

### तमिलनाडु का चुनाव परिणाम

| पार्टी | आगे | जीते | कुल |
|---|---|---|---|
| टीवीके | 40 | 66 | 106 (+106) |
| अन्नाद्रमुक+ | 24 | 30 | 54 (-21) |
| द्रमुक+ | 31 | 34 | 65(94) |
| अन्य | 2 | 7 | 9(+9) |

### केरल का चुनाव परिणाम

| पार्टी | आगे | जीते | कुल |
|---|---|---|---|
| यूडीएफ | 0 | 102 | 102 (+61) |
| एलडीएफ | 0 | 35 | 35 (-64) |
| भाजपा+ | 0 | 3 | 3 (+3) |

### असम का चुनाव परिणाम

| पार्टी | आगे | जीते | कुल |
|---|---|---|---|
| भाजपा+ | 4 | 98 | 102 (+27) |
| कांग्रेस+ | 7 | 14 | 21 (-29) |
| एआईयूडीएफ | 0 | 02 | 2(-14) |
| अन्य | 0 | 01 | 1(0) |

**एजेंसी**

**नई दिल्ली/ कोलकाता/ गुवाहाटी/ तिरुवनन्तपुरम/चेन्नई ।** पांच राज्यों में हुए चुनावों के नतीजे आ गए हैं। भाजपा ने असम का किला बरकरार रखा। भाजपा ने बंगाल में ममता बनर्जी की 15 साल पुरानी टीएमसी सरकार को उखाड़ फेंका है। भाजपा ने तमिलनाडु में अपनी सहयोगी एआईएडीएमके के साथ बढ़िया प्रदर्शन किया। पुडुचेरी में भी एनडीए का मामला ठीक रहा। वहीं कांग्रेस ने केरल में 10 साल से सत्ता में काबिज वामदलों के गठबंधन एलडीएफ को उखाड़ फेंका है। केरल विधानसभा चुनाव में पिनराई विजयन की अगुवाई वाले लेफ्ट एलायंस एलडीएफ को हार का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस की अगुवाई वाली यूडीएफ ने 140 में से 90 से ज्यादा सीटें जीतकर 10 साल बाद सत्ता में वापसी कर ली है। केरलम में इस हार के बाद 49 साल में यह पहली होने जा रहा है जब देश के किसी भी राज्य में लेफ्ट की सरकार नहीं है।

बंगाल की 293 सीटों पर वोटों की गिनती जारी है। एक सीट फालता पर 21 मई को फिर वोटिंग होगी। रुझानों में भाजपा को बहुमत मिला है। भाजपा 118 और टीएमसी 46 सीटों पर आगे चल रही है। भाजपा 86 सीट जीत गई है, 37 सीट टीएमसी के खाते में आई है। भवानीपुर में ममता बनर्जी आगे हैं, सुवेंदु अधिकारी पीछे हैं। बंगाल में बाबरी मस्जिद बनवा रहे हुमायूं कबीर रेजीनगर और नौदा दोनों सीटों से जीत गए। उधर बंगाल के मुख्य सचिव ने सभी विभागीय सचिवों को आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया कि किसी भी सरकारी दफ्तर से कोई भी फाइल या कागज गायब न हो। हावड़ा के डुमुरजला इलाके में टीएमसी दफ्तर में तोडफ़ोड़ की गई। कुर्सियां-खिड़कियां तोड़ दी गईं। पार्टी का झंडा सडक़ पर फेंक दिया गया।

**स्टालिन अपने ही बागी से हारे**

तमिलनाडु में बड़ा उलटफेर हुआ है। 2 साल पहले बनी विजय की पार्टी नंबर वन हो गई है। टीवीके ने 30 सीटों पर जीत दर्ज की है, 77 सीटों पर आगे चल रही है। इधर, तमिलनाडु के मौजूदा सीएम एमके स्टालिन कोलाथुर सीट से चुनाव हार गए हैं। उन्हें टीवीके के बीएस बाबू ने 8000 से ज्यादा वोटों से हराया है। बाबू पहले डीएमके में थे। फरवरी 2026 में ही उन्होंने वियज की पार्टी जॉइन की थी। इधर, टीवीके को सरकार बनाने के लिए 118 सीटों के साथ बहुमत हासिल करना होगा। एक्टर विजय के पिता चंद्रशेखर ने कहा है कि विजय कांग्रेस के साथ गठबंधन कर सकते हैं।

तमिलनाडु में सुपरस्टार विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम यानी टीवीके ने ऐसा सियासी भूकंप ला दिया है जिसकी कल्पना किसी ने नहीं की थी। दशकों से राज्य पर राज करने वाली डीएमके और एआईएडीएमके पीछे छूटती दिख रही है। रुझानों में विजय की पार्टी 100 से ज्यादा सीटों पर बढ़त बनाकर सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरी है। विजय खुद पेरांबुर और तिरुचिरापल्ली ईस्ट जैसी दोनों सीटों पर बड़े अंतर से आगे चल रहे हैं। यह पहली बार चुनाव लड़ रही किसी पार्टी के लिए एक करिश्माई प्रदर्शन है। विजय ने साल 2024 में जब अपनी पार्टी बनाई, तभी से उन्होंने जमीन पर काम करना शुरू कर दिया था। उनकी फिल्मी लोकप्रियता तो थी ही, लेकिन उन्होंने इसे केवल स्टार पावर तक सीमित नहीं रखा। विजय ने अपने पुराने फैन क्लब विजय मक्कल इयक्कम को एक अनुशासित राजनीतिक फौज में बदल दिया। उन्होंने युवाओं और महिलाओं को सीधे अपना निशाना बनाया। लोग डीएमके पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों और पुरानी राजनीति से थक चुके थे। ऐसे में विजय ने साफ-सुथरी छवि और सिस्टम बदलने का वादा किया, जिसे जनता ने हाथों-हाथ लिया।

केरल में कांग्रेस को मिली बूस्टर डोज केरल ने धीरे धीरे खरगोश की तरह लगातर मेहनत की और देश से वामपंथ का आखिरी किला भी उखाड़ फेंका। पिछले साल केरल राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस की अगुवाई वाले यूडीएफ को बड़ी जीत मिली थी। इससे कांग्रेस को केरल में बूस्टर डोज मिली। इस खास संकेत को कांग्रेस ने सधे अंदाज में समझते हुए अपनी जीत का रोड मैप बिछाया कि वो एक दशक लंबे अंतराल के बाद सत्ता में वापसी कर सकती है। हालांकि केरल कांग्रेस की आपसी उठापठक के चलते ऐसे चमत्कारी नतीजों की उम्मीद नहीं थी लेकिन केरल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और राज्य में वर्मतान समय में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने भीतरी कलह को थामते हुए इतिहास रच दिया।

विशेष संपादकीय

## पं बंगाल और तमिलनाडू में चमत्कार

**अशोक कुमार**

4 मई 2026 को पांच राज्यों में हुए विधानसभा के चुनाव रिजल्ट में पं बंगाल और तमिलनाडू के परिणाम ने चौकाने का काम किया है। आजादी के बाद बंगाल मे बीजेपी को पहली बार सरकार बनाने के लिए बहुमत मिलना और तमिलनाडू में डीएमके और एडीएमके का किला ढहना किसी चमत कार से कम नहीं कहा जा सकता है। बंगाल में पन्द्रह वर्षो से एकछत्र राज्य चलानेवाली ममता बनर्जी ने जिस तरह वामपंथी सीपीएम का किला ढाहकर सत्ता पर काबिज हुई थी उसी प्रकार आज बीजेपी ममता बनर्जी के डेढ़ दशक पुरानी किला को ढाह कर आज सत्ता पर काबिज हो रही है। जनसंघ के संस्थापक श्यामाप्रसाद मुखर्जी की धरती पर बीजेपी का सत्ता में आना एक एतिहासिक घटना मानी जाएगी। बीजेपी पिछले डेढ़ दशक से बंगाल में अपनी कमजोर संगठन को मजबूत करने में लगी थी। के विधानसभा चुनाव में सारी शक्ति लगाने के बाबजूद 77 सीटें जीत कर विपक्ष की भूमिका में आयी थी। इस बार प्रधानमंत्री और ग्रह मंत्री समेत सभी बड़े नेता चुनाव कमान संभाले हुए थे। भाजपा नेताओं की रणनीति के सामने टीएमसी के ममत बनर्जी की रणनीति धराशयी हो गयी। इस चुनाव में भाजपा का हिन्दू कार्ड हिन्दू मतदाताओं को एकजूट करने में पूरी तरह से कामयाब रहा। ममता बनर्जी की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति और राज्य में गुंडागर्दी के बढ्‌ते प्रभाव से आम मतदाता राज्य में परिवर्तन चाह रहे थे। आधी आबादी यानी महिलाओं ने भी इस बार ममता बनर्जी का साथ नहीं दिया क्यों कि महिलाएं असुरिक्षत महसूस कर रही थी। इस बार ममता बनर्जी की पार्टी केकार्यकर्ताओं की बूथों पर गुंडागर्दी भी नहीं चली क्यों कि अधिकांश उनके प्रभावक्षेत्र वाले बूथों पर केंद्रीय फोर्स को तैनात कर दिया गया था।

अब बंगाल में भाजपा के नेतृत्ववाली नयी सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती पूरे बगांल में सुशासन कायम कर सभी वर्ग के लोगों को संतुष्ठ करना होगा। मुसलमानों को भी विश्वास में लेना होगा। बंगाल में वर्षों से कायम भय और भ्रष्टाचार को दूर करना होगा।


उधर दक्षिण के राज्य तमिलनाडू में एक लोकप्रिय फिल्म अभिनेता विजय ने नयी पार्टी बनाकर वर्षो से सत्तारूढ़ डीएमके और अन्नाडीएमके की जड़ें हिलाकर रख दिया। वहां की जनता भी परिवर्तन चाह रही थी। मैं पिछले साल मद्रास और वेलौर में था। वहां की जनता को उस समय भी विजय की लोकप्रियता का गुणगान करते मैंने देखा सुना था। आम गरीब मतदाताओं के बीच वे लोकप्रिय हैं। उनकी फिल्मों में भी आम जनता के दुख दर्द का चित्रण देखने को मिलता है। वहां की युवा पीढ़ी उनका दिवाना है। इसका लाभ उन्हें चुनाव में मिला। विजय ने महज दो साल पहले टीवीके नामक पार्टी की स्थापना की थी और भ्रष्टाचार और परिवारवाद के विरोध में अभियान चलाया जिसका जनमानस ने समर्थन किया। लेकिन विजय की पार्टी को सौ से अधिक सीटें मिलेगी , इसकी उ ीद वहां भी पहले से किसी को नहीं थी। आनेवाले दिनों में उनकी पार्टी एक प्रमुख राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरेगी, ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है। उनकी पार्टी की चुनावी रणनीति बनाने में प्रशांत किशोर का अहम योगदान रहा है। उनकी पार्टी डीएमके और एआईडीएमके की तरह उत्तर भारत और हिंदी विरोधी नहीं है। तमिलनाडू की राजनीति विजय का राजनीतिक और सामाजिक कद रजनीकांत और कमल हासन से कम नहीं आंका जा सकता है।

# जीत के बाद बदला नहीं, बदलाव की बात होनी चाहिए : प्रधानमंत्री

## कहा-बंगाल में पहली कैबिनेट में आयुष्मान भारत योजना लागू होगी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उल्लेखनीय सफलता के बाद कहा कि लोकतंत्र में जीत और हार स्वाभाविक है, लेकिन जीत के बाद बदले की भावना नहीं बल्कि बदलाव और विकास की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने इसे भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत बताते हुए कहा कि इन चुनाव परिणामों ने दुनिया को दिखाया है कि भारत को ÷लोकतंत्र की जननी÷ क्यों कहा जाता है।



प्रधानमंत्री ने भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई देते हुए कहा कि ÷आज का दिन ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है।÷ उन्होंने कहा कि वर्षों की साधना जब सिद्धि में बदलती है, तो जो संतोष और खुशी मिलती है, वही आज देशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं के चेहरों पर दिखाई दे रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को इस जीत का श्रेय देते हुए कहा कि आपने कमाल कर दिया, कमल खिला दिया और नया इतिहास रच दिया।

उन्होंने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में मिली जीत को विशेष रूप से रेखांकित करते हुए कहा कि यह सिर्फ सीटों की संख्या नहीं है, बल्कि भय, हिंसा और अस्थिरता की राजनीति को जड़ से उखाड़ने का जनादेश है। उन्होंने कहा कि ÷बंगाल की पावन धरा पर आज एक नया सूर्य उदय हुआ है, जो एक नए युग की शुरुआत का संकेत है और जिसका इंतजार पीढ़ियों से किया जा रहा था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनावों में भारी मतदान, विशेषकर महिलाओं की बढ़ती भागीदारी, भारतीय लोकतंत्र की मजबूती का प्रमाण है। पश्चिम बंगाल में करीब 93 प्रतिशत मतदान को उन्होंने ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल में भी नए मतदान रिकॉर्ड बने हैं। उन्होंने कहा कि यह भारत के लोकतंत्र की सबसे उजली तस्वीर है, जहां हर वर्ग सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह दिन ÷विश्वास का दिन है—भारत के लोकतंत्र में विश्वास, परफॉर्मेंस की राजनीति में विश्वास, स्थिरता के संकल्प में विश्वास और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना में विश्वास।

## यह केवल राजनीति नहीं बल्कि अधिकारों की लड़ाई : हेमंत

**संवाददाता**

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने असम विधानसभा चुनाव को लेकर सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को वहां की जनता का आभार जताया है। उन्होंने लिखा कि सीमित समय और संसाधनों के बावजूद जो भी प्रयास किया गया, वह जनता के सहयोग, विश्वास और भागीदारी से ही संभव हो सका।

हेमंत सोरेन ने कहा कि असम में चुनाव लड़ने का फैसला झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए केवल राजनीतिक विस्तार नहीं था, बल्कि आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यक समाज के हक, सम्मान और पहचान की लड़ाई को मजबूत आवाज देने का प्रयास था। उन्होंने राज्य में आदिवासियों की स्थिति, एसटी दर्जा नहीं मिलना, चाय बागान मजदूरों को उचित मजदूरी नहीं मिलना और जमीन के अधिकार से वंचित रहने जैसे मुद्दों को गंभीर बताया।



उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों और बिना किसी बड़े गठबंधन के पार्टी ने 16 सीटों पर चुनाव लड़ा और अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। पहली बार में 2 सीटों पर दूसरे स्थान पर रहना और 7 सीटों पर 15 हजार से अधिक वोट मिलना इस बात का संकेत है कि पार्टी ने जनता के बीच पकड़ बनानी शुरू कर दी है।

## बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं में ढिलाई बर्दाश्त नहीं : सीएम

**संवाददाता**

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के वरीय पदाधिकारियों और सभी उपायुक्तों के साथ बैठक कर भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सेवाओं और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक निगरानी को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी के मौसम में आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह जिला प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिया कि अपने-अपने जिलों में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी क्षेत्र में जल-संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। जलापूर्ति योजनाओं, चापाकलों, टैंकरों और अन्य वैकल्पिक जल-स्रोतों की नियमित निगरानी की जाए और जहां भी समस्या की सूचना मिले, वहां त्वरित कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था की भी समीक्षा करते हुए कहा कि गर्मी के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि जिला प्रशासन संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर बिजली कटौती, ट्रांसफॉर्मर की खराबी और आपूर्ति बाधित होने जैसी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करे। स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में मुख्यमंत्री ने सभी जिलों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा

। उन्होंने निर्देश दिया कि अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य चिकित्सा संस्थानों में हीटवेव और लू से प्रभावित लोगों के इलाज की समुचित व्यवस्था रहे।

## सड़क जाम मामले में विधायक प्रदीप यादव को एक साल की सजा, जमानत पर रिहा

**संवाददाता**

**दुमका ।** दुमका की एमपी-एमएलए विशेष अदालत ने करीब 16 वर्ष पुराने सड़क जाम मामले में सोमवार को अहम फैसला सुनाते हुए पोड़ैयाहाट से कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव को भादवि की धारा 225 के तहत एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। हालांकि, सजा के तुरंत बाद अदालत ने उन्हें सशर्त जमानत दे दी। वहीं, साक्ष्य के अभाव में पूर्व भाजपा विधायक रणधीर सिंह समेत अन्य सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया।



विशेष न्यायाधीश सह एसडीजेएम मोहित चौधरी की अदालत में सुनवाई के दौरान सभी आरोपी उपस्थित थे। सजा सुनाए जाने के बाद बचाव पक्ष ने प्रोविजनल बेल की अर्जी दाखिल की, जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए 10-10 हजार रुपये के दो मुचलकों पर एक माह के लिए जमानत प्रदान की। अभियोजन पक्ष की ओर से इस मामले में अब तक छह गवाहों की गवाही कराई जा चुकी है।गौरतलब है कि 15 सितंबर 2010 को देवघर में सूखा प्रभावित क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर तत्कालीन झाविमो विधायक प्रदीप यादव और रणधीर सिंह के नेतृत्व में सड़क जाम किया गया था।

# बंगाल में सनातन की जीत और अहंकार की हार : संजय सेठ



संताल एक्सप्रेस

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मिली जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में यह जीत सनातन मूल्यों की जीत और अहंकार की हार का प्रतीक है।सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में संजय सेठ ने कहा कि पश्चिम बंगाल, जो रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा देवी, स्वामी विवेकानंद, सुभाषचंद्र बोस, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसी महान विभूतियों की पावन धरती है, अब परिवर्तन के एक नए दौर की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि वर्षों से चले आ रहे अत्याचार, अनाचार और भ्रष्टाचार के वातावरण से मुक्ति की दिशा में जनता ने सशक्त कदम उठाया है।उन्होंने कहा कि वामपंथ के लंबे शासन के बाद तृणमूल कांग्रेस के कुशासन से त्रस्त जनता अब सुशासन, विकास और स्थिरता की नई उम्मीद के साथ आगे बढ़ने को तैयार है। पश्चिम बंगाल, जो अब तक अव्यवस्था और पीड़ा से जूझ रहा था, अब सुशासन के नए दौर की ओर देख रहा है।संजय सेठ ने इस जीत के लिए प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व और पश्चिम बंगाल के समर्पित कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया।उन्होंने कहा कि इस परिवर्तन के आधार बने पश्चिम बंगाल के प्रत्येक मतदाता के प्रति वे हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। साथ ही उन्होंने उन कार्यकर्ताओं को नमन किया, जिन्होंने अत्याचार और अन्याय के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपना बलिदान दिया।

# तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपाइयों ने भाजपा कार्यालय में मनाया जश्न

## पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के कुशासन का अंत :आदित्य साहू



संताल एक्सप्रेस

**रांची।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनाव की मतगणना के दौरान भाजपा को मिल रही प्रचंड बढ़त पर भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने प्रसन्नता व्यक्त की है।साहू ने कहा कि अब अंधेरा छंटने और भगवामय सूरज के उदय होने की ओर है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और देशवासियों को इस सकारात्मक रुझान के लिए बधाई दी। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, विकास और सुशासन की राजनीति पर जनता के समर्थन का संकेत बताया।आदित्य साहू ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल सरकार के 15 वर्षों के कुशासन का अंत निश्चित है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता लंबे समय से तृणमूल सरकार की नीतियों से त्रस्त थी। उन्होंने कहा कि घुसपैठ को बढ़ावा देने, तुष्टिकरण की राजनीति को चरम पर पहुँचाने और भ्रष्टाचार के कारण पूरी व्यवस्था प्रभावित हुई थी। साथ ही, कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि अपराध और अराजकता के माहौल से जनता परेशान थी, आज उसका अंत होगा।उन्होंने आगे कहा कि आज बंगाल की जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से इन सभी स्थितियों का जवाब देते हुए बदलाव का मार्ग चुना है और एक नई दिशा की शुरुआत की है।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने मतगणना में मिल रही बढ़त पर कहा कि यह संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का प्रत्यक्ष प्रमाण है।कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा की असली ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता और बूथ स्तर तक मजबूत संगठन है। जब कार्यकर्ता पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ मैदान में उतरते हैं, तब ऐसे ऐतिहासिक परिणाम सामने आने की संभावना प्रबल हो उठती है।केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस के लिए पश्चिम बंगाल की जागरूक जनता-जनार्दन को नमन और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक समर्पित कार्यकर्ता का हार्दिक अभिनंदन किया है। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में मिली एतिहासिक बढ़त कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और उनके वर्षों के संघर्ष का परिणाम है।इस दौरान समीर उरांव, रवीन्द्र राय, राकेश प्रसाद,बालमुकुंद सहाय, गणेश मिश्रा, आरती कुजूर, सुनीता सिंह, अमरदीप यादव, अमित कुमार, शालिनी बैशखयार, दीपक बंका, सूरज चौरसिया, अशोक बड़ाईक, प्रदीप सिन्हा, प्रतुल शाहदेव, रफ़िया नाज़ सहित कई उपस्थित थे।

# परिसीमन के जरिए क्षेत्रों में बदलाव कर विस चुनाव किया गया प्रभावित : झामुमो




संताल एक्सप्रेस

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने असम के चुनाव परिणामों पर भट्टाचार्य ने कहा कि परिसीमन के जरिए विधानसभा क्षेत्रों में बदलाव कर चुनाव को प्रभावित किया गया। झामुमो ने पहली बार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 17 सीटों पर चुनाव लड़ा और करीब 0.5 प्रतिशत वोट हासिल किए। पार्टी 10 सीटों पर तीसरे और एक सीट पर दूसरे स्थान पर रही।भट्टाचार्य सोमवार को मोर्चा के प्रधान कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने देश के पांच राज्यों में खासकर पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों पर तीखी प्रतिक्रिया देत हुए इसे अवैध और असंवैधानिक करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए बड़ी संख्या में सेना के जवानों के साथ-साथ सीबीआई, ईडी, एनआईए और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल किया। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि करीब 29 लाख मतदाताओं को मतदान से वंचित रखा गया।भट्टाचार्य ने कहा कि तमिलनाडु और दक्षिण भारत की राजनीति में सिनेमा जनसंवाद का बड़ा माध्यम रहा है। कर्नाटक, तेलंगाना और केरल में पार्टी के प्रदर्शन की सराहना की। झारखंड में संभावित परिसीमन को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी इस पर लगातार नजर बनाए हुए है और आंतरिक तैयारी कर रही है। उन्होंने आशंका जताई कि असम की तरह यहां भी जनसांख्यिकीय बदलाव की कोशिश हो सकती है, जिसे रोका जाना चाहिए। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार अनुसूचित जनजाति यानी एसटी सीटों में किसी तरह की कमी की संभावना नहीं है और इसपर 2029 के बाद ही कोई आयोग विचार करेगा।विपक्ष की स्थिति पर पूछे गए सवाल पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जिस तरह शरीर में प्लेटलेट्स कम होने पर डॉक्टर कीवी फल खाने की सलाह देते हैं, उसी तरह विपक्ष की ताकत बढ़ाने के लिए जेएमएम की भूमिका अहम होगी। उन्होंने कहा कि कीवी बाहर से भूरा दिखता है, लेकिन अंदर से हरा होता है, उसी तरह झामुमो भी विपक्ष की ताकत और प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का काम करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इंडिया गठबंधन को मजबूत करने और नेतृत्व देने की क्षमता जेएमएम में है। पांच राज्यों के चुनाव परिणाम के दौरान पुडुचेरी में एआईडीएमके और उसके सहयोगियों को सरकार बनाने के लिए ढेरों बधाई। केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की भारी बहुमत से जीत को उन्होंने पहले से तय परिणाम बताया।

# हॉस्टल में छात्र की मौत परिजनों ने किया सड़क जाम

**कोडरमा(हि.स.)।** जिले के झुमरीतिलैया शहर के सेक्रेड हार्ट स्कूल के हॉस्टल में 10 वीं कक्षा के छात्र की संदिग्ध मौत को लेकर सोमवार को स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया।कोडरमा के दूधीमाटी निवासी विजय यादव के पुत्र उदित यादव (17) की रविवार को संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने के बाद इसे आत्महत्या की बात कही गयी थी। उदित के हॉस्टल के कमरे में गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या की जानकारी मिलते ही विद्यालय परिसर में जहां सनसनी फैल गई। वहीं आनन-फानन में विद्यालय प्रबंधन की ओर से छात्र को निजी वाहन से सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक के परिजनों ने रविवार देर शाम कोडरमा सदर अस्पताल में घटना को लेकर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ हंगामा किया। इस दौरान स्कूल के एक कर्मी से पूछताछ में कुछ नहीं बताने को लेकर हाथापाई भी हुई। वहीं सोमवार को मृतक का शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड की ओर से किया। इसके बाद मृतक के परिजनों ने झुमरीतिलैया में स्कूल के निकट रांची पटना रोड को कुछ देर के लिए जाम कर दिया। परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया ओर जमकर नारेबाजी की।

# नवजात की मौत, बाघमारा सीएचसी में लापरवाही का आरोप

## ऑक्सीजन की कमी से नवजात की मौत का आरोप



संताल एक्सप्रेस

**धनबाद।** बाघमारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सोमवार को इलाज में लापरवाही के गंभीर आरोप लगे हैं। प्रसव के दौरान नवजात की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। मिली जानकारी के अनुसार निश्चितपुर पंचायत-2 के खोनाठी निवासी ठाकुर महतो उर्फ लखन की पत्नी सरस्वती देवी (19 वर्ष) को प्रसव के लिए रविवार को सुबह दस बजे बाघमारा सीएचसी में भर्ती कराया गया था। यह सरस्वती देवी की पहली डिलीवरी थी। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में समय पर ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं होने के कारण नवजात बच्ची की मौत हो गई। बच्चे की मौत की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का कहना था कि अगर समय पर ऑक्सीजन मिल जाती, तो बच्चे की जान बचाई जा सकती थी। हंगामे की स्थिति को देखते हुए चिकित्सा प्रभारी डॉ. श्रीनाथ ने तुरंत इसकी सूचना बाघमारा पुलिस को दी। डॉ. श्रीनाथ ने कहा कि ?प्रसूता की नॉर्मल डिलीवरी कराई गई थी। चिकित्सा टीम ने अपनी ओर से पूरा प्रयास किया। अस्पताल में ऑक्सीजन की कमी नहीं है। सूचना मिलते ही बाघमारा पुलिस मौके पर पहुंची.पुलिस ने आक्रोशित परिजनों को उचित जांच का आश्वासन दिया और काफी मशक्कत के बाद उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया। तनावपूर्ण शांति बनी हुई है और पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। परिजनों द्वारा थाना में किसी तरह की लिखित शिकायत नहीं दी है। सिर्फ अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था में सुधार लाने की मांग की है, ताकि भविष्य में अन्य किसी शिशु की जान ना जाय।

# कांग्रेस के मिलन समारोह में कई लोगों ने थामा पार्टी का दामन



**रांची(हि.स.)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और पूर्व वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने विभिन्न दलों और संगठनों के दर्जनों नेताओं को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।मिलन समारोह में कोडरमा जिला के बरकट्ठा के पूर्व विधायक सुखदेव यादव के पुत्र हितेंद्र कुमार, शिवशंकर कुमार, केदार यादव चंद्रशेखर प्रसाद, दिव्यांशु कुमार, शिवकुमार, निखिल कुमार, दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति कोडरमा के मनोज कुमार दास, सुनील कुमार, खूंटी से राज्य के दिग्गज नेता रहे स्वर्गीय जयपाल सिंह मुंडा के पुत्र शिवराज जयपाल सिंह, रांची के आलोक कुजूर, गुरमीत सिंह को कांग्रेस की अंगपट्टीका पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई गई।

# कतरास में बीसीसीएल की विधवा कर्मी से 24 लाख की ठगी

**कतरास।** बीसीसीएल एरिया-4 में कार्यरत विधवा महिला कर्मी शांति देवी से 24 लाख रुपये की ठगी कर ली है । जालसाजों ने पीएफ से लोन दिलाने का झांसा देकर उनके खाते से बड़ी रकम हड़प ली। पीड़िता ने कतरास थाना में लिखित शिकायत दे कर न्याय की गुहार लगाई है।शांति देवी के अनुसार, उन्हें अपने बेटे के इलाज के लिए पैसों की जरूरत थी। इसी बीच बांसजोड़ा निवासी संजय साव ने उन्हें किस्तों पर 6 लाख रुपये का कर्ज दिया। इसके बाद बाकी राशि की व्यवस्था कराने के नाम पर आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से उन्हें अपने जाल में फंसा लिया।आरोप है कि पीएफ से अधिक राशि का लोन दिलाने के बहाने शांति देवी का पुराना बैंक खाता बंद करवाकर नया खाता खुलवाया गया। इसी नए खाते के माध्यम से कुल 24 लाख रुपए का पीएफ लोन स्वीकृत कराया गया। रकम खाते में आते ही कथित रूप से 20 लाख रुपए लोयाबाद निवासी संजय साव के खाते में ट्रांसफर कर दिए गए, जबकि शेष 4 लाख रुपए लकड़का कटहल धौड़ा निवासी रीता देवी के खाते में भेजे गए।मामले में मुख्य आरोपी संजय साव ने सभी आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि शांति देवी ने पहले लोयाबाद थाना में शिकायत की थी, जिसका पूरा विवरण पुलिस को दिया जा चुका है। उन्होंने दावा किया कि ग्रामीणों की मौजूदगी में रीता देवी के साथ 4 लाख रुपए के लेनदेन को लेकर आपसी समझौता हो गया था और संबंधित चेक भी वापस ले लिया गया है।एक ओर जहां पीड़िता इसे सुनियोजित धोखाधड़ी बता रही हैं, वहीं आरोपी इसे आपसी समझौते का मामला बता रहा है।

# टीएमसी के गुंडाराज, सिंडिकेट सिस्टम, महिला असुरक्षा और घुसपैठ के खिलाफ है यह जनादेश : बाबूलाल मरांडी




संताल एक्सप्रेस

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बंगाल चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के लिए बंगाल की जनता, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, शीर्ष नेतृत्व, वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी, बंगाल प्रदेश अध्यक्ष सौमिक भट्टाचार्य, भाजपा के असंख्य नेता-कार्यकर्ता और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग को बधाई दिया है। उन्होंने साफ तौर पर इसे बंगाल की जनता की जीत करार दिया है।मरांडी ने सोमवार को कहा कि यह स्पष्ट हो गया कि बंगाल की जनता को प्रधानमंत्री पर भरोसा है। इसके लिए बंगाल की जनता बधाई की पात्र है। बंगाल की जागरूक जनता ने टीएमसी के गुंडा राज, सिंडिकेट सिस्टम, महिला असुरक्षा और घुसपैठ की गंभीर समस्याओं के खिलाफ निर्णायक जनादेश दिया है। यह जनादेश स्पष्ट करता है कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प के साथ बंगाल अब नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।मरांडी ने कहा कि 15 वर्षों से बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की गुंडागर्दी से जनता परेशान थी। इस चुनाव में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने जनता को निर्भीक होकर मतदान करने को कहा था ताकि यहां पर इनकी गुंडागर्दी समाप्त कर एक स्वच्छ और लोकतांत्रिक सरकार बनाई जा सके। रकॉर्ड तोड़ मतदान हुआ। लोग, खासकर महिलाएं घर से निकली और अपने ही पुराने रिकॉर्ड को तोड़कर एक इतिहास रचने का काम किया। जब 92 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ, उसी समय स्पष्ट हो गया कि बंगाल इतिहास रचने जा रहा है, वहां परिवर्तन होगा और बीजेपी के नेतृत्व में नई सरकार बनने जा रही है।मरांडी ने साथ ही असम, पुडुचेरी में पार्टी की जीत का श्रेय वहां की जनता को देते हुए बधाई दी है। कहा कि असम की जनता ने शांति, सुरक्षा और सतत विकास के पक्ष में स्पष्ट जनादेश दिया है। पिछले वर्षों में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था में सुधार, बुनियादी ढांचे के विकास, निवेश को बढ़ावा और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन ने राज्य को नई दिशा दी है। हिमंत बिस्वा सरमा को भी जीत की बधाई।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के सक्षम नेतृत्व में असम निरंतर प्रगति की नई ऊंचाइयों को छूता रहेगा और समृद्ध, सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर राज्य के रूप में स्थापित होगा।

# धनबाद पुलिस अब ड्रोन कैमरे से होगी लैस

**धनबाद।**अत्याधुनिक तकनीक के दौर में अब धनबाद पुलिस भी हाईटेक होती जा रही है। इसके लिए धनबाद पुलिस ड्रोन के प्रयोग पर बल दे रही है। इसके लिए धनबाद पुलिस ड्रोन हैंडलर की टीम तैयार कर रही है। धनबाद में पुलिस कर्मियों को ड्रोन संचालन का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह विशेष रूप से त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहायक होगाड्रोन से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद ली जायेगी। भीड़भाड़ वाले इलाकों की निगरानी, संवेदनशील क्षेत्रों पर नजर, और आपात स्थितियों में त्वरित जानकारी जुटाने के लिए ड्रोन बेहद कारगर साबित होगा। धनबाद पुलिस अपने कर्मियों को ड्रोन कैमरे चलाने और उससे जुड़ी तकनीकी जानकारी देने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। पुलिस लाइन में इस तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण की शुरुआत एसएसपी प्रभात कुमार ने की। एसएसपी ने बताया कि प्रशिक्षण में ड्रोन को सुरक्षित तरीके से उड़ाने, हाई-रिजॉल्यूशन फुटेज कैप्चर करने और रियल टाइम में सूचनाओं का विश्लेषण करने का प्रशिक्षण पुलिस कर्मियों को दिया जा रहा है।

# पंकज मिश्रा ने किया रोशन इंटरप्राइजेज का उद्घाटन



**मंडरो।** मिर्जाचौकी- मंडरो मुख्य सड़क के नीमगाछी के समीप रोशन इंटरप्राइजेज दुकान का उद्घाटन झामुमो केन्द्रीय कमेटी सचिव पंकज कुमार मिश्रा ने फीता काट कर किया. इस संबंध में पंकज मिश्रा ने बताया कि छोटे एवं फूटकर दुकानदारों व ग्राहकों की सुविधा इस होलसेल दुकान में उपलब्ध होगी. वहीं व्यवस्था के अनुकूल सुविधाएं ग्राहक को पसंद होती है. मौके पर बोरियो विधायक धनंजय सोरेन,जिला अध्यक्ष अरुण सिंह,प्रखंड अध्यक्ष सुबोध सोरेन, सचिव सह केंद्रीय कमेटी सदस्य संजय मिश्रा,जेम्स किस्कू,जलेबी सिंह, लड्डू सिंह,राजीव जयसवाल, राजेश राम,प्रधान प्रेम लारेंस सोरेन,हीरालाल यादव,मनोज सोरेन सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न



**संवाददाता साहिबगंज।** पँछिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड व ऐतिहासिक जीत के बाद साहिबगंज के बरहरवा में भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है.बरहरवा नगर पंचायत के स्टेशन चौक में चुनाव के परिणाम बाद भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी के झंडे के साथ जय श्री राम और भाजपा जिंदाबाद,नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाएं . कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे को बधाई दी और लोगों के बीच मिठाईयां बाँटी,साथ ही पटाखे फोड़ कर खुशी मनाई. बरहरवा नगर उपाध्यक्ष राजकुमार भगत ने कहा कि पँछिम बंगाल में ममता बनर्जी की गुंडाराज वाली सरकार का आजपतन हो चुका है और सुशासन की सरकार बनने जा रही है. लेकिन बंगाल की सनातनी जनता टीएमसी की गुलामी वाली नीतियों को दरकिनार कर भाजपा की सबका साथ सबका विकास वाली नीतियों पर विश्वास रखती है.अब बंगाल में भाजपा की सरकार बनते ही कानून व्यवस्था,महिला सुरक्षा और विकास का झंडा लहराएगा.मौके पर भाजपा वरिष्ठ नेता कमल भगत,कुश्माकर तिवारी,नगर उपाध्यक्ष राजकुमार भगत,पूनम भारती,चंदना देवी,प्रदीप दास,संजीत यादव,कुणाल मण्डल,चौकीदार हांसदा,सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# पतरातू डैम में सुरक्षा अलर्ट, बोटिंग पर रोक

**रामगढ़(ईएमएस)।**मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित नर्मदा नदी में बने बरगी डैम में 30 अप्रैल की शाम हुई दर्दनाक क्रूज दुर्घटना के बाद पूरे देश में जल पर्यटन स्थलों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है। इस घटना ने न केवल लोगों को झकझोर दिया, बल्कि प्रशासनिक स्तर पर भी व्यापक कार्रवाई की जरूरत को उजागर किया है।इसी कड़ी में झारखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पतरातू डैम में भी प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है और सुरक्षा मानकों को लेकर सख्ती बरती जा रही है।सोमवार को रामगढ़ के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) अनुराग तिवारी ने पतरातू लेक रिसॉर्ट परिसर में नाव संचालकों, नाव समितियों के प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की।बैठक में पतरातू अंचलाधिकारी मनोज कुमार चौरसिया, एसआई संजय कुमार सिन्हा तथा लेक रिसॉर्ट की प्रबंधक दिव्या कुमारी मौजूद थी।बैठक के दौरान पतरातू डैम में संचालित बोटिंग व्यवस्था, सुरक्षा संसाधनों और नाव संचालन की वर्तमान स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई।एसडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पर्यटकों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हालिया घटनाओं से सबक लेते हुए हर स्तर पर सतर्कता और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी।प्रशासन ने सभी नाव समितियों को निर्देशित किया कि वे नाव संचालन से संबंधित एक शपथ पत्र जमा करें,जिसमें यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी सुरक्षा मानकों जैसे लाइफ जैकेट की अनिवार्यता, नावों की क्षमता से अधिक सवारी न लेना, प्रशिक्षित नाविकों की तैनाती और आपातकालीन व्यवस्था का सख्ती से पालन किया जाएगा।

# धनबाद में भाजपा की जीत पर मना जश्न



**धनबाद।** पश्चिम बंगाल, असाम एवं पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर भाजपा ने खुशी जाहिर की है। धनबाद विधायक राज सिन्हा ने अपने आवासीय कार्यालय में भव्य जश्न मनाया। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ स्वयं ढोल बजाकर उत्सव का आनंद लिया तथा सभी कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की धरती पर आजादी के बाद पहली बार इस प्रकार कमल का पूर्ण रूप से खिलना ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के इस महत्वपूर्ण समय में यह विजय एक नई प्रतीक है।उन्होंने आगे कहा कि यह जनादेश प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति बंगाल की जनता के अटूट विश्वास, प्रेम और उनके सशक्त नेतृत्व की स्वीकृति है। जनता ने विकसित भारत के संकल्प और केंद्र सरकार के प्रभावी कार्यों पर भरोसा जताते हुए भाजपा को स्पष्ट समर्थन दिया है।

# चार नाबालिग बच्चों को मानव तस्करों से कराया मुक्त, गिरफ्तार

**संवाददाता साहिबगंज।** बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में एएसआई बिस्वनाथ टुडू , एएसआई सुरेश पासवान,कांस्टेबल अमरेश कुमार, एलसीटी अर्पण कुमारी, एलसीटी काजल कुमारी एवं बाल संरक्षण संस्था बाल मंथन की प्रतिनिधि आराधना मंडल के साथ बरहरवा रेलवे स्टेशन पर रात में असामाजिक तत्वों, मानव तस्करी,यात्री संबंधी अपराधों एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु संघन जांच अभियान चलाया गया.जांच के दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति चार नाबालिग लड़कों को मजदूरी के लिए अन्य राज्यों में बैठे हैं.आरपीएफ ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों की कृत्य प्रथम दृष्टया मानव तस्करी, बाल श्रम एवं अन्य संबंधित विधिक प्रावधानों के उल्लंघन की श्रेणी में आता है.।

# तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर भाजपाइयों ने मनायी खुशी



**संवाददाता राजमहल।** पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर सोमवार को भाजपा नगर अध्यक्ष दीपक चंद्रवंशी के नेतृत्व में शहर के मलखा बाबा मंदिर के समीप भाजपा नगर के द्वारा जीत का उत्सव मनाया गया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, नितिन नवीन जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद के नारे लगाते हुए एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता सरकार कुशासन के खिलाफ जनता ने वोट किया. आज भाजपा के संस्थापक रहे श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों का बंगाल का सपना आज पूरा हुआ है. मौके पर मंजू सिंह, निर्भय सिंह, वरुण साहा, प्रदीप अग्रवाल, उमाकांत मंडल, किशोर जैन, शिव शंकर साहा, फकीर चंद्र मंडल, ओमप्रकाश साहा, वीरेंद्र साहा, विष्णु विश्वास, सूरज चौधरी, राहुल चौधरी, गगन हलदार, राज कुमार, रवि सरकार, उज्जवल सरकार सहित अन्य वाजपेई उपस्थित थे.

# हाइवा से कुचल कर एक की मौत

**धनबाद।** गोपालीचक एसएनआर फायर पैच में सोमवार सुबह हाइवा से कुचलकर सुपरवाइजर रामस्वरूप चौहान (50) की मौत हो गयी। वह गोधर 4 नम्बर का रहनेवाला था। वह गुड्डू चौहान का ममेरा साला था।वह सुबह आउटसोर्सिंग कम्पनी के हाइवा पर चढ़ने का प्रयास कर रहा था। पैर स्लिप करने से गिर पड़ा । तभी वाहन का पिछला चक्का कमर के नीचे चढ़ गया। उसे तुरंत पहले असर्फी अस्पताल फिर एसएनएमएमसीएच अस्पताल ले जाया गया।जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों ने शव को आउटसोर्सिंग कैंप के गेट पर रखकर नियोजन व मुआवजा के लिए प्रदर्शन किया।आश्रित पुत्र आदेश ने बताया कि सुबह साढ़े 5 बजे पिता काम पर निकले। करीब साढ़े छह बजे घटना की सूचना मिली। अस्पताल पहुंचे तो पिता मृत पड़े थे।

# संडे हॉलीडे के नियमों में बदलाव का विरोध, मजदूरों ने किया गेट जाम



**धनबाद।** बरोरा मुराईडीह कर्मशाला में सोमवार को मजदूरों में आक्रोश देखने को मिला। प्रबंधन द्वारा संडे हॉलिडे के नियमों में किए गए बदलाव के विरोध में मजदूरों ने एकजुट होकर गेट जाम कर दिया और जमकर नारेबाजी की।प्रबंधन द्वारा नया आदेश जारी किया गया है जिसमें है जिसमें संडे हॉलिडे प्राप्त करने के लिए सप्ताह में कम से कम चार हाजिरी अनिवार्य कर दी गई है। मजदूरों का कहना है कि यह नियम उनके अधिकारों का हनन है। मजदूरों का कहना है कि संडे हॉलिडे के नियमों को पूर्व की भांति यथावत रखा जाए। हाजिरी की अनिवार्यता वाली शर्त को तत्काल वापस लिया जाए।सुबह जैसे ही मजदूर काम पर पहुंचे, नए नियम के विरोध में उन्होंने काम बंद कर दिया और कार्यशाला के मुख्य द्वार को जाम कर दिया। इस दौरान मजदूरों ने प्रबंधन की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। आंदोलन को धार देने के लिए बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के नेता भी मौके पर पहुंचे।मजदूरों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए वर्कशॉप के संबंधित इंजीनियर मौके पर पहुंचे और आंदोलनकारियों से वार्ता की।

पूर्व रेलवे

**ई-ठिका खोबोर संख्याः ओ-एसी-टी-16 टू 19-26-27 (ओपन), माहितः 29.04.2026।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन- 713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामीको लागित् ई-ठिका (खुला) नेवतायेत् कानाः **क्रम संख्याः 1। केस संख्याः ओ-एसी-टी-16-26-27। कामी रेयाक् जुतुमः** सीतारामपुर-झाझा खंड रे लूप लाइन रेयाक् जेलेञ लाट्य लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः रु.** 2,79,00,387.16। **बायना पायसाः** रु. 5,58,000। **क्रम संख्याः 2। केस संख्याः ओ-एसी-टी-17-26-27। कामी रेयाक् जुतुमः** वरिष्ठ मंडल संकेत अभियंता/2/आसनसोल रेयाक् अधिकार टोठा तारी रे जगदीशपुर रे पुराउ जेलेञ बेबोसताय लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः रु.** 1,52,68,598.44। **बायना पायसाः रु.** 3,05,400। **क्रम संख्याः 3। केस संख्याः ओ-एसी-टी-18-26-27। कामी रेयाक् जुतुमः** जसीडीह-झाझा खंड रे सहायक अभियंता/जसीडीह तारी रे पुल संख्या 676 आर 665 केटेज लागित् आरसीसी जैकेटिंग सांवते एमान तेयाक् सोंगे कामीको लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः रु.** 2,15,76,181.45। **बायना पायसाः रु.** 4,31,500। **क्रम संख्याः 4। केस संख्याः ओ-एसी-टी-19-26-27। कामी रेयाक् जुतुमः** मधुपुर-गिरिडीह खंड रे कृष्णा बल्लभसहाय हाल्ट स्टेशन आर महेशमुंडा स्टेशन ताला रे सिजुआ रे नावां हाल्ट स्टेशन बाखरा खुला ठिका। **ठिका रेयाक पूंजीः रु.** 1,83,12,841.65। **बायना पायसाः** रु. 3,66,300। **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो (क्रम संख्या 1 खोन मिमित् लागिति)। **ठिका बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 28.05.2026 हिलोक् तिकिन 12.00 बजे (क्रम सं. 1 खोन 4 मिमित् लागित् ) पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे ञेल दाड़ेयाक्आ।

(ASN-44/2026-27)

ठिका खोबोर दो वेबसाइटः **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# तीन राज्यों में एनडीए की जीत पर भाजपा नेताओं ने मनाया जश्न

## गोड्डा के भाजपा कार्यकर्ताओं का जश्न



**गोड्डा प्रतिनिधि/** गोड्डा के कारगिल चौक पर पश्चिम बंगाल चुनाव रुझानों में भाजपा की बढ़त की खबर मिलते ही जश्न का माहौल बन गया। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी, अबीर-गुलाल लगाया और ढोल-नगाड़ों पर जमकर नाचे। इस दौरान आसमान में पटाखे छोड़े गए और भाजपा जिंदाबाद के नारे गूंजते रहे। मौके पर जिला अध्यक्ष लक्ष्मी चक्रवर्ती ने कहा कि यह कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। फिलहाल अंतिम परिणाम का इंतजार है, लेकिन कार्यकर्ताओं में उत्साह साफ देखा गया।

**नाला (जामताड़ा)।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में एनडीए को मिली अप्रत्याशित जीत और पूर्ण बहुमत पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए जोरदार जश्न मनाया। कार्यक्रम के अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कैलाश मंडल के नेतृत्व में की गई इस अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रत्याशी माधव चंद्र महतो मौजूद थे7 नाला आम बागान में आयोजित जश्न कार्यक्रम के दौरान आतिशबाजी की गई, एक-दूसरे को मिठाई खिलाई 7 इस संदर्भ में नाला विधानसभा भाजपा के पूर्व प्रत्याशी माधव चंद्र महतो ने इसे ऐतिहासिक जनादेश बताते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता ने विकास के पक्ष में अपना स्पष्ट मत दिया है। उन्होंने कहा कि अब जनता झूठे वादों पर भरोसा नहीं करती और विकास को प्राथमिकता देती है।उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है और सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ पार्टी लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। भाजपा ने असम में लगातार तीसरी बार तथा पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर इतिहास रचा है।नेताओं ने कहा कि इस चुनाव में विपक्षी दलों को करारी हार का सामना करना पड़ा है। जनता ने जातिवाद और परिवारवाद से ऊपर उठकर विकासवाद को चुना है। इस जीत का श्रेय पार्टी कार्यकर्ताओं के समर्पण, केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के कुशल मार्गदर्शन को दिया गया।कहा कि इन राज्यों में अब चहुंमुखी विकास देखने को मिलेगा। यह जीत केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि सुशासन और विकास की नीति पर जनता की मुहर है। इस अवसर पर भाजपा के नाला विधानसभा पूर्व प्रत्याशी माधव चंद्र महतो,नाला मंडल अध्यक्ष कैलाश मंडल पूर्वांचल मंडल अध्यक्ष किशन मुर्मू ,तापस भट्टाचार्य, रंजीत तिवारी ,जितेन राउत, प्रसेनजीत घोष, बबन मिश्रा, गिरीधारी ठाकुर, असीम मंडल, अनाथ गोराई, सुभाष राय, निमाई घोष, चंद्र मोहन घोष, विजय सिंह सहित अंधकार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे। सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## भाजपा की जीत पर मेहरमा में जश्न



**मेहरमा ।** चार राज्यों व एक केंद्र शासित प्रदेश के चुनाव परिणाम सोमवार को घोषित होते ही पश्चिम बंगाल, असम व केरल में भाजपा की प्रचंड जीत पर मेहरमा में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच खुशी की लहर दौड़ गई।भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल, असम और पांडुचेरी में जीत के बाद प्रखंड कार्यालय मेहरमा के समीप कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया, मिठाइयां बांटी और आतिशबाजी कर जीत का उत्सव मनाया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा गया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि यह जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में जनता ने तृणमूल कांग्रेस के किले को ध्वस्त कर डबल इंजन की सरकार को चुना है।मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान ने कहा कि भाजपा के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना अब साकार होता दिख रहा है।

## भाजपा का विजय उत्सव

**जामताड़ा।** जामताड़ा के सुभाष चौक में पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। जिला अध्यक्ष सुमित शरण के नेतृत्व में आयोजित इस उत्सव में कार्यकर्ताओं ने झालमुड़ी का स्वाद लेते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाया और आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की।इस दौरान सुमित शरण ने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास और सुशासन पर मुहर लगाई है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में मिली जीत को ऐतिहासिक बताते हुए इसे जनता की भावनाओं की जीत करार दिया।भाजपा नेता तरुण गुप्ता ने भी इस मौके पर कहा कि बंगाल की जनता ने निर्णायक जनादेश देकर पार्टी के प्रति अपना विश्वास जताया है। उन्होंने इस जीत को देशभर के कार्यकर्ताओं के समर्पण का परिणाम बताया।कार्यक्रम में जिला महामंत्री कमलेश मंडल, हरिमोहन मिश्रा, संतन मिश्रा, दुबराज मंडल, राजेंद्र राउत, सुकुमार सरखेल, आभा आर्या, प्रदीप राउत, कुणाल सिंह, टिंकू नायक, ब्रजेश राउत, ज्योति देवी, रथु दास, चंदन राउत, प्रवीण मिश्रा, रमेश राउत, रमेश पंडित और अंजनी तिवारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा तथा कार्यकर्ताओं ने इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए जश्न मनाया।



## बंगाल में प्रचंड जीत के दावे पर महागामा में सियासी जश्न



**महागामा संवाददाता ।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के दावों के बीच महागामा में सियासी उत्साह चरम पर पहुंच गया है। नगर क्षेत्र का बसुआ चौक सोमवार को जश्न का प्रमुख केंद्र बना रहा, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने अबीर-गुलाल उड़ाकर और मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम महागामा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रबोध सोरेन के दिशा-निर्देश पर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी देखी गई। जश्न के दौरान पटाखों की गूंज और 'जय भाजपा' के नारों से पूरा इलाका गूंजता रहा। युवाओं में खासा उत्साह देखा गया, जो ढोल-नगाड़ों और रंग-गुलाल के साथ जीत का जश्न मनाते नजर आए। महागामा भाजपा नगर अध्यक्ष अशोक यादव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर संभावित ऐतिहासिक जीत की अग्रिम बधाई दी। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में इस बार बदलाव की स्पष्ट लहर है और जनता भाजपा को भारी जनादेश देने जा रही है कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह उत्साह पार्टी की नीतियों और नेतृत्व पर जनता के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। बसुआ चौक पर देर शाम तक जश्न का माहौल बना रहा, जिससे पूरे महागामा क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। हालांकि, आधिकारिक परिणाम अभी आना बाकी है, लेकिन कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास और जोश इस बात का संकेत दे रहा है कि वे इस चुनाव को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। महागामा में यह जश्न न केवल राजनीतिक माहौल को गरमा रहा है, बल्कि क्षेत्र में भाजपा की सक्रियता भी स्पष्ट रूप से दिखा रहा है। मौके पर उपस्थित मुरारी चौबे नवीन कुमार महतो अजय शाह लाल बहादुर सिंह मुन्ना झा, बृजेश मंडल, राजेंद्र यादव, प्रदीप मंडल, पप्पू ठाकुर सहित भाजपा के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आसनसोल में 'कमल' का परचम नौ सीटों पर भाजपा की ऐतिहासिक जीत



**आसनसोल।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के ताजा नतीजों ने पश्चिम बर्दवान जिले की राजनीति में बड़ा बदलाव दर्ज किया है। भारतीय जनता पार्टी ने आसनसोल क्षेत्र की सभी नौ विधानसभा सीटों पर कब्जा जमाकर अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। इस शानदार प्रदर्शन ने भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह भर दिया है, वहीं तृणमूल कांग्रेस के लिए यह परिणाम किसी बड़े झटके से कम नहीं माना जा रहा।सबसे चर्चित मुकाबला आसनसोल उत्तर सीट पर रहा, जहां भाजपा प्रत्याशी कृष्णेंदु मुखर्जी ने राज्य सरकार के मंत्री मलय घटक को 11,615 वोटों के अंतर से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। कृष्णेंदु मुखर्जी को 1,04,516 वोट मिले, जबकि मलय घटक 92,901 मतों पर सिमट गए। यह हार तृणमूल कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा का बड़ा नुकसान मानी जा रही है।आसनसोल दक्षिण सीट पर भाजपा की तेजतर्रार नेता अग्निमित्रा पाल ने भी दमदार प्रदर्शन करते हुए तापस बनर्जी को 40,839 वोटों के भारी अंतर से पराजित किया। उन्हें 1,19,582 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को 78,743 वोटों से संतोष करना पड़ा। इस जीत के साथ अग्निमित्रा पाल ने लगातार दूसरी बार इस सीट पर अपनी मजबूत पकड़ साबित की।नतीजों के ऐलान के साथ ही पूरे आसनसोल में जश्न का माहौल बन गया। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी, गुलाल और ढोल-नगाड़ों के साथ जीत का जश्न मनाया। समर्थकों ने इसे ऐतिहासिक जनादेश बताते हुए कहा कि जनता ने बदलाव और विकास के पक्ष में अपना भरोसा जताया है।विशेषज्ञों का मानना है कि यह परिणाम आने वाले समय में राज्य की राजनीति को नई दिशा दे सकता है। भाजपा के लिए यह बड़ी उपलब्धि है, जबकि तृणमूल कांग्रेस के लिए यह आत्ममंथन का संकेत माना जा रहा है।

## अनसंग हीरोज सम्मान से नवाजीं गई समाजसेविका श्वेता गाडिया



**संवाददाता**

**गोड्डा ।** आध्यात्मिक संस्था द आर्ट ऑफ लिविंग के द्वारा झारखंड की राजधानी रांची में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में गोड्डा की प्रतिष्ठित उद्यमी और समाजसेविका श्वेता गाडिया को अनसंग एवरीडे हीरोज अवॉर्ड से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद आदित्य साहू और झारखंड आर्ट ऑफ लिविंग के ऐपेक्स सदस्यों के हाथों नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान बिज़नेस एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट और निस्वार्थ योगदान के लिए दिया गया है।साधना, सेवा और सम्मान का संगम यह कार्यक्रम द आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के 45 वर्ष पूरे होने और आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर जी के 70 वें जन्म वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। रांची के विशालाक्षी बैंक्वेट हॉल में आयोजित इस समारोह में समाज के उन गुमनाम नायकों को मंच प्रदान किया गया, इस अवार्ड को उन्होंने अपनी सास अन्नपुर्णा देवी ससुर प्रमोद गाडिया और पति समाजसेवी प्रितम गाडिया को समर्पित किया और कहा की उनके सहयोग के बिना मेरा कार्य करना असंभव था। श्वेता को महिला समिति की पुर्व अध्यक्ष मिरा बजाज, सिमा शर्मा, सरिता दुबे, प्रकाश अग्रवाल, पियूष खेमानी आदी ने बधाई दी।

## भाजपा की त्रिकोणीय विजय का जश्न



**करमाटांड़ (जामताड़ा)।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी के हालिया चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शानदार प्रदर्शन से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने पंडित ईश्वर चंद्र विद्यासागर की पावन धरती करमाटांड़ में भव्य विजय जुलूस निकाला। जीत के इस उत्सव में कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बन रहा था। पूरे क्षेत्र में गाजे-बाजे, आतिशबाजी और मिठाइयों के साथ जश्न का माहौल रहा।

**डबल इंजन सरकार पर बढ़ा भरोसा**

जुलूस का नेतृत्व कर रहे भाजपा नेता बिनोद मंडल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि असम में हेमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में मिली जीत की हैट्रिक यह साबित करती है कि जनता का विश्वास %डबल इंजन% की सरकार पर अटूट है। उन्होंने कहा कि विकास की राजनीति ने पूर्वोत्तर में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वहीं, पश्चिम बंगाल के परिणामों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वहां की जनता ने 15 वर्षों के कुशासन को सिरे से नकार दिया है।जुलूस में शामिल प्रमुख कार्यकर्ता इस विजय उत्सव में स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति रही। मुख्य रूप से सुधीर शर्मा, सौरभ मंडल, प्रकाश महतो, गोविंद मंडल, अभिषेक साह, बरुण मंडल, राजेश मंडल, अरबिंद मंडल, महेंद्र रजक, प्रदीप साह, धीरज साह, शंभु मंडल, नंदू साह और सुनील साह समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।

## बंगाल भाजपा की जीत के बाद कुंडहित में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खेंली होली



**कुंडहित (जामताड़ा) ।** पश्चिम बंगाल, असम में भाजपा की बहुमत होने पर कुंडहित में भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न, कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को खिलाई मिठाई खिलाया।पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मिली प्रचंड बहुमत की जीत के बाद पूरे प्रदेश में उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में कुंडहित में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। कुंडहित हटिया मैदान में माधव चन्द्र महतो के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ जीत का जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई, आतिशबाजी की और जयघोष करते हुए अपनी खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर माधव चन्द्र महतो ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, सशक्त निर्णय क्षमता और जनकल्याणकारी नीतियों में देशवासियों के अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने केंद्र सरकार की लोकहितकारी योजनाओं की सराहना की, जिन्होंने समाज के हर वर्ग तक विकास पहुंचाया है। मौके पर गयाप्रसाद मंडल, नोनी गोपाल गोराई, विश्वजीत सिंह,सजल दास, देवीप्रसाद बनर्जी,नीतू मंडल,गौर कर्मकार , जगाबंधु घोष, रवि वाद्यकर सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जामताड़ा में डीसी ने किया वेयरहाउस का निरीक्षण

**जामताड़ा।** जिले में चुनावी पारदर्शिता और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी आलोक कुमार ने सोमवार को समाहरणालय परिसर स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यस्थिति और परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उपायुक्त ने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार हर माह वेयरहाउस के बाहरी हिस्से और त्रैमासिक रूप से अंदरूनी व्यवस्था का निरीक्षण कर रिपोर्ट भेजी जाती है।इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सत्यप्रकाश, अग्निशमन पदाधिकारी सुधीर कुमार सिंह सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## कागज़ों में निरीक्षण, जमीन पर सूखा मेझिया में बदहाल पेयजल व्यवस्था उजागर



**जामताड़ा।** जामताड़ा जिले में पेयजल संकट दूर करने के उद्देश्य से 9 से 18 अप्रैल तक चलाए गए अभियान के बीच मेझिया पंचायत की जमीनी हकीकत प्रशासनिक दावों पर सवाल खड़े कर रही है। जिला मुख्यालय के नजदीक स्थित मेझिया पंचायत में हालात यह हैं कि कई चापाकल लंबे समय से खराब पड़े हैं और ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।17 अप्रैल को यहां निरीक्षण अभियान भी चलाया गया था, लेकिन मुख्य सड़क के किनारे एक साथ कई खराब चापाकल नजर आते हैं, जो व्यवस्था की पोल खोलते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ चापाकल महीनों से, तो कुछ वर्षों से बंद हैं, पर अब तक मरम्मत नहीं हुई।स्थिति और गंभीर तब दिखी जब सरकारी संस्थानों में भी पानी का संकट सामने आया। आंगनबाड़ी केंद्र लिपीडीह और उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय मेझिया में लगे चापाकल भी खराब हैं, जिससे बच्चों और शिक्षकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।उप मुखिया प्रतिनिधि नंदलाल पाल ने बताया कि कई बार शिकायत और ऑनलाइन आवेदन के बावजूद विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। ग्रामीणों को करीब एक किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है। काशी राय और आनंद पंडित जैसे ग्रामीणों ने भी लंबे समय से समस्या बने रहने की बात कही।करीब 50 से अधिक लोग प्रभावित हैं और एक ही चापाकल पर निर्भर हैं। ऐसे में बड़ा सवाल उठता है कि क्या निरीक्षण अभियान केवल औपचारिकता बनकर रह गया है?

## महागामा थाना को डायल 112 सेवा के तहत 5 नई अपाची मोटरसाइकिल मिली



**महागामा संवाददाता ।** क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने तथा आम जनता को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए महागामा थाना को डायल 112 सेवा के तहत 5 नई अपाची मोटरसाइकिल उपलब्ध कराई गई हैं। इन अत्याधुनिक बाइकों के जुड़ने से अब आपातकालीन स्थितियों में पुलिस की प्रतिक्रिया पहले से कहीं अधिक तेज और प्रभावी हो सकेगी।जानकारी के अनुसार, डायल 112 पर प्राप्त होने वाली आपात कॉल्स पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए इन मोटरसाइकिलों को विशेष रूप से तैनात किया जाएगा।

## सदर अस्पताल में औचक निरीक्षण अव्यवस्था पर भड़के डीसी, सुधार के सख्त निर्देश



**जामताड़ा सं।** जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार ने सोमवार को सदर अस्पताल जामताड़ा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की कई व्यवस्थाओं में खामियां सामने आईं, जिस पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई।उपायुक्त ने ओपीडी, दवा वितरण केंद्र, एसएनसीयू, महिला-पुरुष वार्ड, बर्न वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, डायलिसिस यूनिट सहित विभिन्न विभागों का जायजा लिया। इस दौरान ड्यूटी रोस्टर नहीं मिलने पर उन्होंने तत्काल इसे लगाने और रोस्टर के अनुसार कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं मिलने पर संबंधित कर्मियों को फटकार लगाई गई।निरीक्षण के क्रम में मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर सुविधाओं की जानकारी ली गई। कई जगह मरीजों की बेड हिस्ट्री और जांच रिपोर्ट संलग्न नहीं मिलने पर व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए। एक महिला की शिकायत पर बेडशीट उपलब्ध नहीं होने पर उपायुक्त ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि अस्पताल में उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जाएं, अन्यथा लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई होगी। इस दौरान डॉ शिव प्रसाद मिश्रा सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।

## वन वीक वन सीएससी कार्यक्रम

**राजमहल।** राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल के सभागार में सोमवार को अस्पताल उपाधीक्षक डॉ उदय कुमार टुडू एवं उधवा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गुफरान आलम के संयुक्त अध्यक्षता में मासिक समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई. उक्त बैठक में स्वास्थ्य विभाग के समस्त कार्यक्रमों का बारी-बारी से समीक्षा की गई. साथ ही वन वीक वन सीएससी कार्यक्रम के तहत् विशेष टीकाकरण अभियान जो राजमहल प्रखंड में 11 मई से एवं उधवा प्रखंड में 18 मई से प्रारंभ किया जाएगा. मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सह लेखा प्रबंधक अमित कुमार, प्रखंड डाटा प्रबंधक नितिन मुर्मू, पीएचएम सूरज कुमार, विश्व स्वास्थ्य संगठन से सुनील रंजन, यूनिसेफ स्कूल से विनोद शर्मा, सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, सहिया साथी सहित अन्य उपस्थित थे.

## इंटेंसिव जागरूकता अभियान का आयोजन



**गोड्डा ।** सदर अस्पताल परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह पीडीजे रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर झालसा के 90 दिवसीय इंटेंसिव जागरूकता कार्यक्रम के तहत सोमवार को अस्पताल के ओपीडी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। मौके पर सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर जयप्रकाश भगत ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार की ओर से अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं विभिन्न अस्पतालों में भी महिला के इलाज की संक्षिप्त व्यवस्था है। टीकाकरण प्रसव सहित महिलाओं से संबंधित रोगों के इलाज के लिए निशुल्क जांच की व्यवस्था है। इसके लिए जागरूक होने की जरूरत है। वही डेंटल सर्जन हम वाचस्पति ने भी महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला। मेडिएटर दिलीप कुमार झा, अधिकार मित्र अविनाश कुमार सिंहा, नवीन कुमार आदि ने भी बाल विवाह, साइबर ठगी, नशा उन्मूलन व डायन निरोधक अधिनियम आदि से संबंधित जानकारी दी।

## नेटबॉल अस्मिता लीग मैच का आयोजन



**गोड्डा ।** झारखंड सरकार के निर्देश पर गोड्डा जिला खेल विभाग द्वारा जिला मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में एक दिवसीय नेटबॉल अस्मिता लीग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले भर से कुल 18 बालिका टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली चयनित टीमें रांची में आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय अस्मिता लीग में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। टूर्नामेंट को तीन आयु वर्ग - अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के परिणाम में अंडर-14 वर्ग में बालिका आवासीय विद्यालय, बसंतराय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, गोड्डा द्वितीय स्थान पर रही। ।

## गोड्डा में तरबूज की कमी और दाम बढ़ने की आशंका



**गोड्डा प्रतिनिधि ।** विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने से भागलपुर-नवगछिया मार्ग बाधित हो गया है, जिससे गोड्डा में तरबूज की आपूर्ति प्रभावित होने लगी है। बाजार में फिलहाल सीमित स्टॉक बचा है और जल्द ही कमी देखने को मिल सकती है।व्यापारियों के अनुसार अब माल लाने के लिए लंबा वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ रहा है, जिससे भाड़ा बढ़ गया है। तरबूज जल्दी खराब होने वाला फल है, ऐसे में देर से पहुंचने पर नुकसान भी बढ़ रहा है।स्थिति यही रही तो आने वाले दिनों में तरबूज के दाम बढ़ना तय माना जा रहा है, जिससे गर्मी में आम लोगों की जेब पर असर पड़ सकता है।

## नहीं मिला आवास योजना का लाभ झोपड़ी में रहने को विवश है गरीब परिवार




**हनवारा ।** सरकारी योजनाओं के बड़े-बड़े दावों के बावजूद महागामा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कुशमहरा पंचायत अंतर्गत भोजुचक गांव में एक गरीब परिवार आज भी पक्के आवास से वंचित है। गांव की सजनी देवी एवं उसके पति पूरन रविदास अपने तीन छोटे बच्चों के साथ कच्चे मकान व फूस की झोपड़ी में रहने को विवश हैं।जानकारी के अनुसार, सरकार की महत्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना या प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ सजनी देवी को अब तक नहीं मिल पाया है। इससे परिवार की स्थिति और दयनीय बनी हुई है बरसात के समय में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है जिस झोपड़ी में परिवार रह रहा है, उसकी हालत काफी जर्जर है। बरसात के दिनों में फुस के झोपडी से पानी टपकता है, जिससे घर के अंदर रहना मुश्किल हो जाता है। दीवारें भी कमजोर हो चुकी हैं, जिससे हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है एवं छोटे-छोटे जीव जंतुओं का भी डर बना रहता है सजनी देवी का कहना है कि आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर है कि वे खुद से पक्का मकान बनाने में सक्षम नहीं हैं। तीन छोटे बच्चों के साथ ऐसे हालात में जीवनयापन करना उनके लिए काफी कठिन हो गया है। पति पूरण रविदास के अनुसार इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि को आवेदन दिया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर जल्द से जल्द योग्य लाभुक को आवास योजना का लाभ दिया जाए ।

## बरहेट में जनगणना प्रशिक्षण शुरू

**बरहेट/साहिबगंज।** प्लस टू एसएसडी उच्च विद्यालय के सभागार में सोमवार से जनगणना के अंतिम ग्रुप का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ. प्रशिक्षण में प्रखंड क्षेत्र के शिक्षक, बीएफटी, स्वयंसेवक, पंचायत सचिव सहित अन्य कर्मियों ने भाग लिया.प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर देवानंद वर्मा, रवींद्रनाथ ठाकुर, चंद्रा घोष, नयन दास, नवीन कुमार एवं मेरीनीला हेंब्रम ने प्रतिभागियों को जनगणना से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी.

## बीएलए प्रशिक्षण को लेकर मेहरमा में कांग्रेस की बैठक




**मेहरमा ।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में आज प्रखंड अध्यक्ष महिंद्र सिंह की अध्यक्षता में बीएलए प्रशिक्षण को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाजितपुर, सिंघाड़ी, मेहरमा, अमजोरा, फिरोजपुर एवं सुड़नी पंचायत के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि बिपिन बिहारी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही यूथ कांग्रेस प्रखंड सचिव मु. सनाउल अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष परवेज अख्तर, अजीम अंसारी, बमबम कुमार, केदार राम, जाकिर सहित सभी पंचायतअध्यक्ष एवं बीएलए कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में बीएलए के कार्यों, जिम्मेदारियों एवं संगठन को मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने तथा संगठन के अन्य बिंदुओं पर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## टॉस के माध्यम से विधालय प्रबंधन अध्यक्ष का चयन



**संवाददाता बोरियो।** बालक मध्य विद्यालय बोरियो में सोमवार को स्कूल प्रबंधन समिति का पुनगठन कर नये अध्यक्ष का चयन किया गया. अध्यक्ष का चयन टॉस के माध्यम से किया गया. जिसमें प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गफ्फार अंसारी को बनाया गया. जिसके बाद झामुमो जिला कार्यकारिणी सदस्यों कि ओर से माला पहनाकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत करते हुए बधाई दी गई. मौके पर रिजवान अंसारी, मो एजाज अंसारी, मुजाहिद अंसारी सहित अन्य मौजूद थे.

## सीआरपी परिमल के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह



**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।** नाला प्रखंड अंतर्गत संकुल संसाधन केंद्र मोहनपुर में सेवानिवृत्त सीआरपी परिमल मंडल को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षा विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरा माहौल सम्मान, भावुकता और कृतज्ञता से ओत-प्रोत रहा।कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मिलन घोष एवं मॉडल पंचायत के मुखिया हीरामणि मुर्मू मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता किशोर साधु ने की, जबकि मंच संचालन माधव चंद्र दास ने किया। स्वागत भाषण उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोहनपुर की प्रभारी प्रधानाध्यापिका रेणुका लकड़ा ने दिया। उन्होंने परिमल मंडल के लंबे सेवा काल, कार्यनिष्ठा और शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की।

# बंगाल और असम के जनादेश पर देवघर में मंथन : अधिवक्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने राजनीति और जनभावना पर रखी अपनी राय










**शेखर सुमन**

**देवघर ।** पश्चिम बंगाल और असम के चुनाव परिणाम सामने आने के बाद देवघर में राजनीतिक चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। अधिवक्ताओं ने सबसे पहले अपनी प्रतिक्रिया देते हुए न केवल परिणामों पर बल्कि समकालीन राजनीति, लोकतांत्रिक प्रक्रिया और जनभावना के व्यापक संदर्भों पर विस्तार से अपने विचार रखे। इसके बाद अन्य जनप्रतिनिधियों और सामाजिक व्यक्तियों ने भी अपनी राय व्यक्त की। अधिवक्ता काशी प्रसाद यादव ने कहा कि बंगाल में लंबे समय के बाद सत्ता परिवर्तन हुआ है, इसलिए इसे केवल एक चुनावी परिणाम के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि यह जनता की मनोस्थिति में आए बदलाव का संकेत भी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में समय-समय पर परिवर्तन आवश्यक होता है, क्योंकि इससे शासन प्रणाली में नई ऊर्जा आती है और जनता को विकल्प मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी एक दल का लंबे समय तक सत्ता में बने रहना कभी-कभी जन अपेक्षाओं और वास्तविकता के बीच दूरी पैदा कर देता है, जिससे बदलाव की मांग स्वाभाविक रूप से उभरती है।

अधिवक्ता अशोक कुमार राय ने कहा कि चुनाव परिणामों को लेकर देशभर में अलग-अलग प्रकार की चर्चाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वास सबसे महत्वपूर्ण तत्व होते हैं और इन्हीं के आधार पर जनादेश की विश्वसनीयता तय होती है।

उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में चुनाव प्रक्रिया, प्रशासनिक व्यवस्था और संस्थागत भूमिका को लेकर जो प्रश्न उठते हैं, वे लोकतंत्र के स्वस्थ विकास के लिए आवश्यक विमर्श का हिस्सा हैं। ऐसे विषयों पर खुलकर चर्चा होना लोकतांत्रिक मजबूती का संकेत है।

युवा अधिवक्ता पप्पू कुमार ने कहा कि सत्ता परिवर्तन लोकतंत्र की मूल भावना का हिस्सा है और इसे सकारात्मक दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नई सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती विकास, सुशासन और जन अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाए रखना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीतिक दलों को केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से कार्य करना चाहिए, ताकि जनता का विश्वास लंबे समय तक बना रहे।

महिला अधिवक्ता महामाया राय ने कहा कि बंगाल में हुए सत्ता परिवर्तन का प्रभाव केवल एक राज्य तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका असर राष्ट्रीय राजनीति पर भी पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यदि नई सरकार विकास, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं पर तेजी से काम करती है, तो इससे अन्य राज्यों में भी सकारात्मक संदेश जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आज की राजनीति में प्रदर्शन और परिणाम ही सबसे बड़ा पैमाना बन चुका है, जिसके आधार पर जनता अपना निर्णय करती है।

महिला अधिवक्ता रेखा कुमारी ने कहा कि चुनाव परिणाम यह दर्शाते हैं कि जनता अब अधिक जागरूक हो चुकी है और वह अपने मताधिकार का प्रयोग सोच-समझकर कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य में हुआ सत्ता परिवर्तन अन्य राज्यों के लिए एक संकेत होता है, जिससे राजनीतिक दल अपनी रणनीतियों और कार्यशैली में बदलाव करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र में जनता ही अंतिम निर्णायक होती है और उसका निर्णय सर्वोपरि होता है।

इसके बाद पूर्व विधायक नारायण दास ने कहा कि यह परिणाम जनता के विश्वास और पार्टी कार्यकर्ताओं के निरंतर परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि देश की राजनीति अब विकास और सुशासन के मुद्दों के इर्द-गिर्द केंद्रित होती जा रही है, जो एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापक जनसंपर्क और जमीनी स्तर पर किए गए कार्यों के कारण ही पार्टी को यह समर्थन प्राप्त हुआ है।

सचिन सुल्तानिया ने कहा कि बंगाल के परिणाम केवल क्षेत्रीय राजनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह राष्ट्रीय राजनीति को भी प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस प्रकार अपना समर्थन व्यक्त किया है, उससे यह स्पष्ट है कि राजनीतिक परिदृश्य में परिवर्तन की लहर चल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में अन्य राज्यों में भी इसी प्रकार के राजनीतिक बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

अमृत मिश्रा ने कहा कि चुनाव परिणाम लोकतंत्र का दर्पण होते हैं, जो जनता की वास्तविक सोच और प्राथमिकताओं को सामने लाते हैं। उन्होंने कहा कि आज का मतदाता पहले की तुलना में अधिक जागरूक और विश्लेषणात्मक हो गया है, जो केवल नारों या आरोप-प्रत्यारोप के आधार पर नहीं, बल्कि ठोस मुद्दों और कार्यों के आधार पर अपना निर्णय करता है। उन्होंने यह भी कहा कि पारंपरिक राजनीति और कमजोर नेतृत्व के भरोसे अब जनसमर्थन हासिल करना कठिन हो गया है, जिससे राजनीतिक दलों को अपनी कार्यशैली में सुधार करना पड़ रहा है।

## अग्नि सुरक्षा सप्ताह पर जिला स्तरीय कार्यशाला



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर सदर अस्पताल देवघर के सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपाधीक्षक डॉ. सुषमा वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। बताया गया कि 4 से 10 मई तक चलने वाले इस सप्ताह में जिलेभर में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। डॉ. सुषमा वर्मा ने कहा कि अधिकांश अग्नि दुर्घटनाएं लापरवाही और जागरूकता की कमी के कारण होती हैं। उन्होंने अस्पताल में अग्नि सुरक्षा मानकों के पालन, विद्युत उपकरणों की नियमित जांच और आपातकालीन निकास को सुगम रखने पर जोर दिया। डीटीओ डॉ. संचयन ने अस्पतालों में सुदृढ़ अग्निशमन व्यवस्था की आवश्यकता बताई, जबकि जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ. मनीष शेखर ने आपदा प्रबंधन में समन्वय और टीम वर्क की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को फायर एक्सटिंग्विशर के उपयोग, सुरक्षित निकासी, प्राथमिक उपचार और आपात स्थिति में संयम बनाए रखने की जानकारी दी गई।

## पुनासी डैम के पास संदिग्ध हालत में युवक की मौत

**देवघर।** जसीडीह थाना क्षेत्र के पुनासी डैम के समीप एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक की पहचान 20 वर्षीय राज कुमार के रूप में हुई है, जो जसीडीह थाना क्षेत्र के चांदडीह घासको का निवासी था और पेशे से वायरिंग का काम करता था। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। जानकारी के अनुसार राज कुमार अपने पांच साथियों के साथ दो अलग-अलग बाइकों पर सवार होकर पुनासी डैम स्नान करने गया था। इसी दौरान वह खुद बाइक चला रहा था। बताया जाता है कि डैम के पास अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पोल से टकरा गई। टक्कर के बाद उसे सीने में गंभीर चोट लगने की बात कही जा रही है। घटना के बाद उसके साथ मौजूद साथियों ने उसे आनन-फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। एंबुलेंस से उसे सदर अस्पताल लाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, मौत की सूचना मिलते ही मृतक के स्वजन सदर अस्पताल पहुंचे।

## पत्रकार से मारपीट के बाद सुभाष-प्रमोद गिरोह पर आरोप

**देवघर।** मोहनपुर थाना क्षेत्र में कथित रूप से सक्रिय सुभाष-प्रमोद गिरोह के खिलाफ लगातार गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं। एक अखबार के पत्रकार मंटू यादव के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी की घटना के बाद इलाके में भय का माहौल बन गया है। 26 अप्रैल 2026 को चोपामोड़ स्थित जैप-5 के समीप हुई इस घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से स्थानीय पत्रकारों और ग्रामीणों में आक्रोश है। वही स्थानीय सूत्रों का आरोप है कि सुभाष मंडल, प्रमोद हेंब्रम और उनके सहयोगी क्षेत्र में दबदबा कायम कर रंगदारी और वसूली का नेटवर्क चलाने की कोशिश कर रहे हैं। बताया जाता है कि मार्च माह में ही कई ग्रामीणों और गवाहों ने थाने में लिखित शिकायत दी थी, लेकिन अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं की गई। गवाहों को कोर्ट में गवाही देने से रोकने के लिए लगातार धमकियां दी जा रही हैं, जिससे कई फरियादी भय के कारण घरों में सिमटने को मजबूर हैं।

## गैस सिलेंडरों की कीमत में बढ़ोतरी का विरोध

**देवघर ।** संथाल परगना चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य अजय कुमार ने व्यावसायिक गैस सिलेंडरों और 5 किलो गैस सिलेंडरों की कीमतों में हुई भारी वृद्धि का विरोध करते हुए कहा कि इस वृद्धि से उपभोक्ताओं पर बोझ और महंगाई दोनों बढ़ेगी। कुमार ने कहा गैस सिलेंडर में मूल्य वृद्धि का सबसे अधिक कुप्रभाव गरीबों, मध्यम वर्गों एवं प्रवासी श्रमिकों पर पड़ेगा। कुमार ने कहा कि दैनिक जीवन की विभिन्न आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के बीच गैस सिलेंडरों की कीमतों में वृद्धि केंद्र सरकार की भाजपा सरकार का गरीबों के प्रति उसके पूर्वाग्रह को उजागर करता है। कुमार ने व्यावसायिक गैस सिलेंडरों एवं 5 किलो गैस सिलेंडरों की कीमतों में की गई वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग केंद्र सरकार से की है ताकि उपभोक्ताओं को अत्याधिक बोझ तथा हम लोगों को महंगाई का सामना न करना पड़े।

## 10 वर्षीय बच्ची में संभावित खसरा का मामला, जांच के लिए सैंपल रांची भेजा गया



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** सिविल सर्जन डॉ. रमेश कुमार के निर्देशानुसार जिले के शहरी क्षेत्र घनघोर में 10 वर्षीय बच्ची में संभावित खसरा (मीजल्स) के मामले की जांच की गई। जांच टीम का नेतृत्व जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. के.के. सिंह एवं जिला महामारी विशेषज्ञ (आईडीएसपी) डॉ. मनीष शेखर ने किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर बच्ची की स्थिति का आकलन किया और आवश्यक जांच प्रक्रिया पूरी की। सटीक पुष्टि के लिए सैंपल लेकर रिम्स रांची भेजा गया है, जहां लैब परीक्षण के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। जांच के दौरान टीम में मनीष सिन्हा (वीसीसीएम), बुद्धिनाथ झा (एलटी), संजीत दुबे, विश्व स्वास्थ्य संगठन के फील्ड मॉनिटर बिकेश कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहे। अधिकारियों ने बताया कि एहतियातन क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है और आसपास के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों में खसरा जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें, ताकि समय पर उपचार और संक्रमण की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।

# देवघर में भाजपा का विजय उत्सव, डांस के साथ बांटे गए लड्डू

## टावर चौक पर उमड़ा उत्साह, कार्यकर्ताओं ने नाच-गाकर मनाई जीत की खुशी



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** पश्चिम बंगाल और असम में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत की खुशी में देवघर के टावर चौक पर भव्य विजय उत्सव का आयोजन किया गया। जिला भाजपा के नेताओं और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर पूरे उत्साह और उमंग के साथ जश्न मनाया। इस दौरान टावर चौक का माहौल पूरी तरह उत्सव में तब्दील हो गया और चारों ओर खुशी की लहर देखी गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक नारायण दास, जिला महामंत्री अभयानंद झा और नगर अध्यक्ष सोनधारी झा की प्रमुख उपस्थिति रही। सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए जीत की खुशी साझा की। मौके पर आतिशबाजी की गई, रंग-अबीर खेला गया और मिठाइयों के साथ विशेष रूप से लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया गया। सभा को संबोधित करते हुए नारायण दास ने कहा कि यह जीत बंगाल और असम की जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि यह सफलता पार्टी के हर छोटे-बड़े कार्यकर्ता की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। देश की जनता ने विकास और सुशासन को प्राथमिकता देते हुए स्पष्ट जनादेश दिया है, जो भविष्य के लिए एक मजबूत संकेत है। उन्होंने कहा कि लगातार जनसंपर्क और विकास कार्यों के कारण पार्टी को व्यापक समर्थन मिला है।

जश्न के दौरान कार्यकर्ता डीजे की धुन पर जमकर नाचे और गाते हुए अपनी खुशी का खुलकर इजहार करते नजर आए। टावर चौक पर बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं ने न केवल एक-दूसरे को लड्डू खिलाए, बल्कि वहां मौजूद आम नागरिकों के बीच भी मिठाई बांटकर इस खुशी में सभी को शामिल किया। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और देर तक नाच-गाना चलता रहा। इस अवसर पर विजया सिंह, दिवाकर गुप्ता, विनीता पासवान, डॉ राजीव कुमार, सचिन सुल्तानिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आजसू ने भाजपा की जीत पर एनडीए ने जताई खुशी



**देवघर ।** एनडीए गठबंधन की ओर से आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव ध्रुव प्रसाद साह ने असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी को मिली बहुमत की जीत पर बधाई दी है। उन्होंने इसे जनता का विकास और सुशासन के पक्ष में स्पष्ट जनादेश बताया है। ध्रुव प्रसाद साह ने कहा कि असम में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनना, पश्चिम बंगाल में लंबे समय बाद सत्तापरिवर्तन और पुडुचेरी में एनडीए की वापसी यह दर्शाता है कि मतदाताओं ने स्थिर नेतृत्व और विकास की नीति पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि इन चुनावों में जनसमर्थन स्पष्ट रूप से केंद्र सरकार की नीतियों और नेतृत्व के पक्ष में दिखाई दिया है। उन्होंने आगे कहा कि मतदाताओं ने परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति को नकारते हुए विकास आधारित सोच को प्राथमिकता दी है। यह जनादेश लोकतंत्र की मजबूती और जन आकांक्षाओं की जीत का प्रतीक है।

## चुनावी नतीजों पर देवघर में भाजपा का जश्न, कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** विभिन्न राज्यों के चुनाव परिणाम घोषित होते ही देवघर के बलसरा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। भाजपा नेता तुफान महथा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की, मिठाइयां बांटी और एक-दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर तुफान महथा ने इसे नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की जीत बताते हुए विकास की राजनीति की विजय करार दिया। उन्होंने कहा कि असम, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में पार्टी की बढ़ती मजबूती यह दर्शाती है कि जनता विकास और सुशासन को प्राथमिकता दे रही है। जिला महामंत्री अभय आनंद झा ने कहा कि यह जश्न सिर्फ चुनावी जीत का नहीं, बल्कि जनता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने ÷डबल इंजन सरकार÷ का जिक्र करते हुए केंद्र और राज्य के बेहतर तालमेल से विकास तेज होने की बात कही। भाजपा नेता अमृत मिश्रा ने कहा कि जिन क्षेत्रों में विकास की कमी थी, वहां अब नई दिशा में काम होगा। कार्यक्रम में दीपक केशरी, पंकज झा, कुंदन झा, नितेश कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और पार्टी के समर्थन में नारेबाजी की।

# चेक डैम, तालाब निर्माण व बांध जीर्णोद्धार से किसानों को मिलेगा लाभ : हफीजुल हसन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** शहर के केला बगान स्थित मंत्री आवासीय कार्यालय में जल संसाधन विभाग, लघु सिंचाई विभाग रांची, झारखंड द्वारा स्वीकृत देवघर जिला अंतर्गत कुल 7 महत्वपूर्ण सिंचाई योजनाओं का भव्य शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 2 चेक डैम, 5 तालाब निर्माण तथा बांध जीर्णोद्धार योजनाओं की आधारशिला झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में तथा झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण सह जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन अंसारी के करकमलों द्वारा रखी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि झारखंड सरकार हर खेत तक पानी पहुंचाने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि और खेतों की सिंचाई सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंत्री ने भावुक होकर कहा कि जब पानी की कमी से किसानों की फसलें बर्बाद होती हैं तो उन्हें गहरा दुख होता है, इसलिए सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ बहुफसलीय कृषि अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि इससे उनकी आय में वृद्धि होगी और कृषि क्षेत्र अधिक मजबूत बनेगा। उन्होंने कहा कि सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से खेती सुगम होगी, उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। इस अवसर पर दिनेश्वर किस्कू, अबु तालिब अंसारी, जिला परिषद सदस्य फारूक अंसारी, प्रकाश मंडल, गुलाम अशरफ उर्फ राजू, मोहम्मद ताजउद्दीन उर्फ ताज, मोहम्मद सरफराज उर्फ बबलू, आतिक जाफरी, मोहम्मद अशफाक, शहनाज नूर, परवेज अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। साथ ही सहायक अभियंता रतन कुमार, धर्मवीर कुमार, गौरव कुमार, कनीय अभियंता चंदन कुमार गुप्ता, मनीष राय, अविनाश शर्मा एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।

## नगर निगम में फूटा आक्रोश पार्षदों का जोरदार प्रदर्शन

### सफाई, पेयजल और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था ठप होने पर नारेबाजी




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** नगर निगम की कार्यप्रणाली से नाराज वार्ड पार्षदों का आक्रोश सोमवार को खुलकर सामने आया। नगर निगम कार्यालय के मुख्य द्वार पर पार्षदों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए सफाई, पेयजल आपूर्ति और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं के ध्वस्त होने का आरोप लगाया।

प्रदर्शन के दौरान पार्षदों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शहर की बदहाल स्थिति पर गहरी नाराजगी जताई। पार्षदों का आरोप है कि नगर निगम प्रशासन और कचरा प्रबंधन से जुड़ी निजी एजेंसी पूरी तरह उदासीन हो गई है। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

कई वार्डों में समय पर कचरा उठाव नहीं हो रहा है, जिससे जगह-जगह कूड़े का ढेर लगा है और इससे बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। पेयजल संकट को लेकर पार्षदों ने कहा कि गर्मी बढ़ने के बावजूद शहर के कई इलाकों में पानी की भारी कमी बनी हुई है। विशेष रूप से सूखे क्षेत्र घोषित इलाकों में स्थिति और गंभीर है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है।

## समर कैंप का रोमांचक फाइनल संपन्न, एमसीए बाउंसर बनी चैंपियन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** शहर के टीटीसी रेलवे ग्राउंड में एमसीए मधुपुर क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित ÷समर कैंप क्रिकेट 2026÷ का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक अंदाज में संपन्न हुआ। इस टूर्नामेंट में कुल पांच टीमों ने भाग लिया, जिसमें फाइनल मुकाबला एमसीए स्ट्राइकर और एमसीए बाउंसर के बीच खेला गया। फाइनल मैच में एमसीए स्ट्राइकर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवर में टीम ने 121 रन बनाए। स्ट्राइकर की ओर से मोहम्मद ताल्हा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 48 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा। वहीं नजीब और सागर ने 12-12 रन का योगदान दिया। बाउंसर टीम की ओर से गेंदबाजी में सूफिया ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने 4 ओवर में मात्र 22 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए।122 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमसीए बाउंसर की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 16 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न मिठाई और झालमुड़ी बांटकर खुशी जताई



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी के चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी के प्रदर्शन से उत्साहित पथरोल मंडल के कार्यकर्ताओं ने बंदर चौक पर विजय उत्सव मनाया। मंडल अध्यक्ष कृष्ण पोद्दार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और नारों के साथ अपनी खुशी व्यक्त की। सभा को संबोधित करते हुए कृष्ण पोद्दार ने कहा कि यह जीत नेतृत्व, विकास आधारित नीतियों और कार्यकर्ताओं के निरंतर परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने एक बार फिर सुशासन पर भरोसा जताया है और यह जनादेश जनता के विश्वास की जीत है। उत्सव के दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और राहगीरों के बीच झालमुड़ी बांटकर अपनी खुशी साझा की। बंदर चौक पर पूरे समय देशभक्ति के नारों से माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मधुपुर अंचल में अपराध नियंत्रण को लेकर मासिक समीक्षा बैठक



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** अनुमंडल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सोमवार को मधुपुर अंचल पुलिस निरीक्षक राउतू होनहांगा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों, पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान पिछले माह क्षेत्र में घटित विभिन्न आपराधिक घटनाओं, मामलों की प्रगति, लंबित कांडों, गिरफ्तारी की स्थिति तथा सुरक्षा व्यवस्था की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। अंचल पुलिस निरीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों से एक-एक मामले की अद्यतन जानकारी प्राप्त की और स्पष्ट निर्देश दिया कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके। उन्होंने फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस निरीक्षक ने चेतावनी देते हुए कहा कि पुलिस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध जवाबदेही तय की जाएगी।

## तीन राज्यों में जीत पर बोले भाजपा नेता: यह विकास और विश्वास की जीत

**संताल एक्सप्रेस**

साहिबगंज-पच्छिम बंगाल,असम व पुडुचेरी राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत के बाद भाजपा खेमे में जबरदस्त उत्साह है. साहिबगंज जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़े बजा कर,अबीर गुलाल लगाकर,पटाखा फोड़कर एवं एक दुसरे को मिठाई खिलाकर एवं बांटकर जश्न मनाया.

बंगाल में अब विकास होगा, महिलाएं सुरक्षित रहेंगी: गौतम यादव

तीन राज्यों में भाजपा की शानदार जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल और जनता के अटूट विश्वास की जीत है. तीनों राज्यों की जनता ने भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को नकार कर डबल इंजन सरकार पर भरोसा जताया है. उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण और इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों पर जनता ने मुहर लगाई है.रही बात बंगाल की तो बंगाल मे अब विकास होगा.महिलाओ की सुरक्षा सुनिश्चित होगी.



गौतम यादव

जिलाध्यक्ष भाजपा साहिबगंज

मोदी पर विश्वास की जीत : रामानंद साह

पश्चिम बंगाल,पुडुचेरी एवं असम में भाजपा की प्रचंड जीत व केरलम में भाजपा का खाता खुलना यह साबित करता है कि देश व प्रदेश की जनता ने भयमुक्त होकर मोदी जी के भरोसा (गारंटी) पर विश्वास जताया है. यह जीत भाजपा नेताओं,कार्यकर्ताओं सहित सभी देवतुल्य मतदाताओं की जीत है. अब तेज गति से डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में देश और प्रदेश का विकास सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र के साथ होगा. रामानंद साह भाजपा नेता

बंगाल के लोग आजाद महसूस कर रहे हैं: गरिमा साह

आज बंगाल सहित असम और पुडुचेरी की जनता और खासकर वहां की साइलेंट वोटर यानी की मातृ शक्ति ने ये बताने का काम किया है कि अब आधी आबादी अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता हैं .और पूर्ववर्ती सरकार ने पुरे बंगाल में आतंक मचा कर रखा था. आज सच पूछिए तो बंगाल अपने आप को आजाद महसूस कर रहा हैं. असम में हमने हैट्रिक लगाई हैं. और पुडुचेरी ने भी हम पर भरोसा जताया है.इस चुनाव परिणाम का सीधा असर झारखण्ड पर पड़ेगा. गरिमा साह

जिला उपाध्यक्ष भाजपा

शहीद कार्यकर्ताओं को याद करने का दिन है: विश्वनाथ

बंगाल की जीत के लिये मेरे जैसा भाजपा का करोड़ों कार्यकर्ता सालों से टकटकी लगाए बैठा था.बंगाल की जीत पर बंगाल की सनातनी जनता को हृदय की गहराई से आभार व्यक्त करना चाहूंगा. ये जीत प्रधानमंत्री के प्रति जनमानस के दिल में बसे अगाध प्रेम का प्रतीक है. आज मन खुश है और ये दिन उन शहीद कार्यकर्ताओं को याद करने का भी दिन है जिन्होंने बंगाल के अंदर अपनी आहुति दी.

झारखंड में भी असर पड़ेगा: अनुराग राहुल

भाजपा को बंगाल में जिस प्रकार जनादेश मिला. इसके लिए सभी पश्चिम बंगाल के सभी नागरिकों ने तन मन से कमल फूल को आशीर्वाद दिया है.निश्चय ही इसका असर आने वाले समय में झारखंड में भी देखने को मिल सकता है.

ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भाजपा

बंगाल चुनाव का असर झारखंड में भी पड़ेगा: **पंकज घोष**

पश्चिम बंगाल के जनता ने भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण, कट मनी वाली सरकार को विदाई देते हुए भरोसे वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार को चुनी है. निश्चित रूप से आने वाले समय में झारखंड में भी इसका असर पड़ेगा चुनाव परिणाम राज्यों के लोगों के लिए एक मिसाल है. झारखंड में संगठन और मजबूत के साथ कार्य करेगी. पंकज घोष

**प्रदेश संयोजक आईटी युवा मोर्चा भाजपा**



**असम पुडुचेरी व पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जनादेश प्राप्त किया है.** यह पार्टी व देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के विकास कार्यों पर जनता ने अपना अटूट विश्वास दिखाते हुए स्पष्ट जनादेश दिया है. भाजपा के संस्थापक रहे श्याम प्रसाद मुखर्जी का सपना आज साकार हुआ है. बंगाल की धरती को कभी सोनार बांग्ला कहा जाता था. उस धरती पर ममता सरकार के द्वारा तुष्टिकरण की पटकथा लिखी गई महिलाएं, युवा बुजुर्ग, सभी वर्ग में असंतोष था. यह जीत विकास पर विश्वास की जीत है. आने वाले दिनों में झारखंड में भी 2029 में प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी. इस सरकार में सभी विकास योजनाएं लगभग ठप है. गरीब, वंचित, आदिवासी मूलवासी, शोषण, महिलाएं, युवा व बुजुर्ग सभी हताश है सभी मिलकर इस सरकार को आने वाले दिनों में उखाड़ कर फेंक देंगे.दीपक

**चंद्रवंशी नगर अध्यक्ष राजमहल भाजपा**

## भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** साहिबगंज - पश्चिम बंगाल में पहली बार, असम में लगातार तीसरी बार एवं पुडुचेरी में दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक एवं प्रचंड विजय के उपलक्ष्य में साहिबगंज जिला भाजपा द्वारा भव्य एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में विजय उत्सव मनाया गया. यह जनादेश देश की जनता द्वारा विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद की राजनीति पर पुनः व्यक्त किए गए अटूट विश्वास का प्रतीक है.भाजपा जिला अध्यक्ष गौतम यादव के कुशल नेतृत्व में साहिबगंज में कार्यकर्ताओं ने जोरदार आतिशबाजी कर इस ऐतिहासिक जीत का स्वागत किया. पारंपरिक अंदाज में झालमुड़ी का आनंद लेते हुए एवं एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर कार्यकर्ताओं ने अपनी खुशी साझा की.और भारत माता की जय,वंदे मातरम्, के नारे लगते रहे.जो कार्यकर्ताओं के उत्साह और समर्पण को दर्शाता है. इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने इस विजय को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं निर्णायक नेतृत्व, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के सशक्त संगठनात्मक मार्गदर्शन तथा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की प्रभावी रणनीति का परिणाम बताया.जिला अध्यक्ष गौतम यादव ने कहा कि यह विजय करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, समर्पण और संघर्ष का परिणाम है.


### जिला खेल कार्यालय, साहेबगंज

khelsahibganj@gmail.com

(पर्यटन शाखा)

**-: आम सूचना :-**

जिला प्रशासन, साहेबगंज द्वारा "ज्ञान भारतम् मिशन" के अन्तर्गत जिले में पांडुलिपियों, हस्त लिखित दस्तावेजों के संरक्षण एवं डिजिटलीकरण हेतु विशेष पहल प्रारम्भ की गई है। इस अभियान का उद्देश्य जिले में बिखरी हुई अमूल्य ज्ञान परम्परा को सुरक्षित कर उसे राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर संरक्षित करना है :–

"ज्ञान भारतम् मिशन" का उद्देश्य –

75 वर्ष या उससे अधिक पुराने हस्तलिखित दस्तावेज (कागज, भोज पत्र, ताड़ पत्र आदि) धार्मिक ग्रंथ, गद्य–पद्य चिकित्सा, साहित्य, गीत, प्रार्थना, मुद्रा, वंशावली आदि का संरक्षण एवं डिजिटलीकरण।

जिला प्रशासन की अपील –

साहेबगंज जिले के सभी मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा, चर्च एवं धार्मिक ट्रस्ट, मठ एवं शैक्षणिक/सांस्कृतिक संस्थान आदिवासी (Tribal) समुदाय एवं आम नागरिक से अपील की जाती है कि यदि उनके पास ऐसी कोई प्राचीन पांडुलिपि दस्तावेज उपलब्ध है, तो उनकी जानकारी जिला प्रशासन को अवश्य उपलब्ध कराएं।

सम्मान एवं प्रोत्साहन –

जिन व्यक्तियों/संस्थानों द्वारा ऐसी धरोहर की जानकारी दी जायेगी, उन्हें जिला प्रशासन, साहेबगंज द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

अंतिम तिथि –

इच्छुक व्यक्ति/संस्थान पांडुलिपियों/धरोहरों का विवरण यथाशीघ्र जिला प्रशासन को उपलब्ध करा सकते है।

सम्पर्क सूत्र –

जिला खेल कार्यालय, साहेबगंज/सांस्कृतिक नोडल पदाधिकारी, साहेबगंज अथवा मोबाईल नं0–8298302977 एवं 8409393082 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

सुरक्षा की गारंटी –

प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि सभी पांडुलिपियों/धरोहर आपके स्वामित्व में सुरक्षित रहेंगे। केवल उनका डिजिटलीकरण कर उन्हें संरक्षित किया जायेगा।

आईए, मिलकर साहेबगंज की ज्ञान परम्परा को बचाएं और विश्व तक पहुँचाए।

ह0/–

जिला खेल पदाधिकारी, साहेबगंज

PR 378955 District (26-27)_D



### झारखण्ड सरकार
### कारा एवं सुधारात्मक सेवाऐं
### अल्पकालीन ई0–निविदा सूचना

e-tender-HJ AND DM/CJ-DUMKA/3rd Q/2026/1367

अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, दुमका, का कार्यालय

Tel:- 06434-230650, 236184

e-mail:- dmkjls@gmail.com/cj-dumka@jharkhandmail.gov.in

| 1 | कारा का नाम | केन्द्रीय कारा, दुमका |
|---|---|---|
| 2 | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलू, फल, चीनी के क्रय/आपूर्त्ति के निमित ई0–निविदा का आमंत्रण **(तृतीय त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.07.2026 से 30.09.2026 तक** |
| 3 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | रु 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4 | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | दिनांक 18.05.2026 से 23.05.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5 | निविदा online upload करने की तिथि। | दिनांक 18.05.2026 से 23.05.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6 | आपूति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | दिनांक 25.05.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7 | अग्रधन राशि (EMD) (रु 2500/–से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि | दिनांक 25.05.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8 | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक 26.05.2026 को 11:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता, दुमका की उपस्थिति में। |

नोट:–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://Jharkhand tenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, दुमका के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online Upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक

केन्द्रीय कारा, दुमका

PR 378917 Home(26-27).D


## मांगो के समर्थन में शेरशाहवादी समुदाय का अनिश्चितकालीन महाधरना शुरू



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज-शेरशाहवादी जाति प्रमाण पत्र को पुनः निर्गत करने की मांग को लेकर सोमवार से साहिबगंज जिले के बरहरवा अंचल परिसर में शेरशाहवादी डेवलपमेंट सोसाइटी के बैनर तले अनिश्चितकालीन महाधरना शुरू हो गया.धरना में बड़ी संख्या में लोग,सामाजिक कार्यकर्ता और युवा वर्ग शामिल हुए. आंदोलन का मुख्य उद्देश्य शेरशाहवादी समुदाय को दोबारा जाति प्रमाण पत्र जारी कराना है.ताकि वे शिक्षा,रोजगार और सरकारी योजनाओं में आरक्षण का लाभ उठा सकें.धरना स्थल में मौजूद लोगो ने हाथ में तख्तियां लिए शेरशाहबादी प्रमाण पत्र निर्गत करो,अंचल प्रशासन हाय हाय,जिला प्रशासन हाय हाय, प्रशासन की मनमानी नहीं चलेगी जैसे नारे लगाए. मुखिया मो. इश्तियाक ने कहा कि झारखंड के पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में इस समुदाय की बड़ी आबादी निवास करती है और राज्य की ओबीसी सूची में क्रमांक 102 पर इसका उल्लेख भी है.इसके बावजूद अंचल प्रशासन की अनदेखी के कारण वर्षों से जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जा रहा है.युवा नेता अफीफ अमसल ने कहा कि वर्ष 2012 तक इस समुदाय के लोगों को नियमित रूप से शेरशाहवादी जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाता था.लेकिन उसके बाद से यह प्रक्रिया बंद हो गई है.इसका सीधा असर समुदाय के युवाओं पर पड़ा है,जो प्रतियोगी परीक्षाओं,सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के लाभ से वंचित हो रहे हैं. महाधरना तब तक जारी रहेगा. जब तक सरकार और प्रशासन उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेते है.मौके पर उपप्रमुख अब्दुल कादिर,मुखिया काबिल अहमद, मास्टर मूसा,शाहबाज आलम,वसीम अख्तर,सैफुल आलम,वकील अहमद,आमिर हमजा, मास्टर माउद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे.


### दुमका समाहरणालय
### जिला पंचायत राज कार्यालय

ISO 9001:2015 Certified E-mail- dpro_dumka@rediffmail.com

**आम सूचना**

पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) झारखण्ड, नियमावली, 2025 दिनांक–02.01.2026 को अधिसूचित किया जा चुका है। प्रखण्ड स्तर समिति द्वारा अग्रसारित ग्राम सभा से अनुमोदित प्रपत्र–1 दुमका जिला के वेबसाईट–www.dumka.nic.in में अपलोड कर दिया गया है।

ग्राम सभा से अनुमोदित प्रपत्र–1 में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे साक्ष्य के साथ संबंधित ग्राम सभा के 1/10 मतदाताओं द्वारा हस्ताक्षरित आवेदन दिनांक–27.05.2026 के अपराह्न 04:00 बजे तक जिला पंचायत राज पदाधिकारी, दुमका को लिखित आपत्ति उनके कार्यालय में दे सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

जिला पंचायत राज पदाधिकारी, दुमका।

PR 378950 (District) 26-27 (D)



### OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, DUMKA
(Sports section)

**VERY URGENT NOTICE INVITING PROPOSALS**

2nd Call

**SUB: Request for Proposal for Operation, Maintenance & Management of "A-Team Cricket Ground", Dumka.**

**Section I**

Dumka District Administration invites proposals from eligible bidders for selection of suitable vendors for "**Request for Proposal for Operation, Maintenance & Management of "A-Team Cricket Ground", Dumka.**"

The content of this document enlists the requirements of District Administration Dumka. It includes the Bidding Terms which details out all that may be needed by the potential bidders to understand the financial terms and bidding process and explains the contractual terms that Dumka District Administration wishes to specify at this stage.

| Sl No | Information/Subject | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of work | Request for Proposal for Operation, Maintenance & Management of "A-Team Cricket Ground", Dumka. |
| 2. | Date of publication of RFP | 02-05-2026 |
| 3. | Date of Pre Bid Meeting | 08-05-2026 11:30 Am |
| 4. | Last date & Time for BID submission | 11-05-2026 12:00 Am |
| 5. | BID submission place | District Sports Office, Dumka |
| 6. | Date & Time for BID opening | 11-05-2026 03:00 Pm |
| 7. | Technical Evaluation | 11-05-2026 03:00 Pm |
| 8. | Opening of Financial Bids and finalevaluation | 11-05-2026 03:30 Pm |
| 9. | Name and office for inviting EOI | DISTRICT SPORTS OFFICE, DUMKA |
| 10. | Email | dsodumka11@gmail.com |

Note:- For Further Details please visit https://dumka.nic.in/

District Sports Officer, Dumka.

PR 378933 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 26-27 (D)


## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 421 ग्रामीणों की हुई जांच

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

बरहेट/-बरहेट प्रखंड के सिमड़ा पंचायत में वी इंडियन क्लब के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना था.

शिविर में कुल 421 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच किया गया. इनमें 180 लोगों ने ओपीडी में परामर्श लिया. 155 लोगों की दंत जांच की गई, 56 लोगों ने एक्स-रे सुविधा का लाभ उठाया. जबकि 30 लोगों की मलेरिया जांच की गई.इस आयोजन को सफल बनाने में वी इंडियन क्लब के पदाधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई. स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए क्लब के प्रति आभार व्यक्त किया और ऐसे कार्यक्रमों को आगे भी जारी रखने की जरूरत बताया.

## चैंबर की वार्षिक आम सभा में व्यापारिक मुद्दों पर हुई चर्चा



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज-** साहिबगंज में ईस्टर्न झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की वार्षिक आम सभा अध्यक्ष राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई. राजेश अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण में चैंबर के पिछले कार्यों और भविष्य की योजनाओं को विस्तार से रखा.उन्होंने बताया कि चैंबर के प्रयास से रेलवे कनेक्टिविटी में सुधार हुआ, अवैध वसूली पर रोक लगी, बिजली और नगर सुविधाओं में सुधार कराया गया. साथ ही कानून-व्यवस्था, साइबर अपराध और व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पर लगातार दबाव बनाया गया.चैंबर ने उद्योग, एमएसएमई और युवाओं के रोजगार के लिए भी कई पहल की है. आगामी लक्ष्यों में वॉशिंग पिट शुरू कराना, नई ट्रेनों की शुरुआत, साइबर हेल्पडेस्क बनाना और साहिबगंज को लॉजिस्टिक हब घोषित कराना शामिल है.अध्यक्ष ने कहा कि चैंबर हर परिस्थिति में व्यापारियों के साथ खड़ा है और आगे भी उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष जारी रहेगा.

## मुखिया केसी पहाड़िन ने आवास प्रभारी पर लगाया गाली गलौज का आरोप

**साहिबगंज ।** बोरियो प्रखंड के दुर्गा टोला पंचायत के चंपा पहाड़ गांव में पीएम जनमन आवास निर्माण में काफी देर किए जाने के कारण आवास प्रभारी से जब दुर्गा टोला पंचायत के मुखिया ने जवाब मांगा तो आवास प्रभारी द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया.मुखिया ने आरोप लगाया कि आवास प्रभारीगाली गलौज किया तथा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया. मुखिया ने बताया कि चंपा पहाड़ गांव में 13-14 पीएम जनमन आवास योजना का निर्माण कार्य काफी धीमी गति से किया जा रहा है. जिस कारण ग्रामीणों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है. आवास प्रभारी द्वारा मिट्टी के घरों को भी तोड़वा दिया गया है. जिस कारण अब कई परिवारों के सिर पर छत तक नहीं है. ऊपर से पीएम जनमन आवास निर्माण का कार्य काफी धीमी है. ग्रामीणों ने जब इसकी शिकायत दुर्गा टोला पंचायत के मुखिया से किया तो मुखिया ने आवास प्रभारी रूपेश चौधरी से जवाब मांगा. मुखिया को जवाब देने के बजाय आवास प्रभारी रूपेश चौधरी ने मुखिया को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज किया.मुखिया ने बताया कि जल्द ही जिला डीसी साहिबगंज के कार्यालय में जाकर लिखित शिकायत दर्ज कराएंगे और कारवाई की मांग करेंगे. साथ ही मीडिया के माध्यम से चम्पा पहाड़ में पीएम जनमन आवास निर्माण कार्य को तेजी से कराने का गुहार प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा डीडीसी से किया है.


### खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, साहेबगंज़। fssai

खाद्य एवं औशधि नियंत्रण प्रशासन भवन, साहेबगंज़।

E-mail- dosahibganj@gmail.com

विभिन्न समाचार पत्रों के अनुसार विगत सप्ताह में गुपचुप/पानी पुरी के खाने से आये दिन Food Poisoning होने के कारण आम जनता का स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ता है, झारखण्ड राज्य के कई जिलों में Food Poisoning होने से जन स्वास्थ्य को नुकसान होने के संदेह में बचाव हेतू दिशा निर्देश, इस संदर्भ में सभी Street Food Vendor (गुपचुप/पानी पुरी, चाट, फास्ट फूड, ठेला, आदि) को सख्त निर्देश दिया गया जाता है कि वे खाद्य सामग्री को जैसे– पानीपुरी, चाट, छोला,समौसा सत्तू, आदि की ब्रिकी के द्वौरान खाद्य सुरक्षा से संबंधित निम्न नियमों का पालन करना सुनिश्चित करें।–

खाद्य सामग्री बनाने में स्वच्छ पेयजल का उपयोग करना सुनिश्चित करेंगे जिससे कि खासकर खाद्य जनित रोग जैसे– हेजा, टाइफाईड, पेचिस आदि जानलेवा बीमारी की होने की सम्भावना से बचाव किया जा सकें।

1. खाद्य सामग्री बनाने में प्रयोग किया जाने वाला जैसे–शुद्ध एवं स्वच्छ पानी, मसाला, आलू, चटनी आदि का प्रयोग करना है।
2. पानी पुरी विकेता ग्राहक को पानी पुरी परोसते गल्बस का प्रयोग अवश्य करेगें।
3. व्यक्गित स्वच्छता जैसै–साफ कपड़ा, गल्बस, एप्रोन, केप, मास्क का प्रयोग करना सुनिश्चित करें।
4. खाद्य सामग्री जैसे– चाट, छोला,समौसा, जलेबी, आदि को ढक कर रखना सुनिश्चित करेगें ढक्कन युक्त डस्टबिन का प्रयोग करें।
5. फूड लाइसेंस लेकर ही खाद्य व्यवसाय करें।
6. दुकान परिसर में साफ सफाई रखना अनिवार्य है यदि औचक निरीक्षण के द्वौरान गंदगी पाई गयी तो खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियत 2006 के सुसंगत धारा के अंतर्गत कारवाई की जाएगी।
7. अपने प्रतिश्ठान में समुचित साफ सफाई एवं हायजिन बनाये रखें ।
8. केवल गुणवत्ता पुर्ण एवं ताजा खाद्य सामग्री का ही विकय करे।
9. एक्सपायरी बासी अथवा सड़ी–गली खाद्य सामग्री को तुरंत नश्ट कर देना है।
10. निर्माण में केवल गुणवत्ता पुर्ण सामग्री तथा F.S.S.A.I. प्रमाणित फुड कलर का निर्धारित मात्रा में ही प्रयोग करें।
11. जॉच के द्वौरान अखाद्यय रंग पाये जाने पर खाद्य सामग्री को मौके पर ही नश्ट कर दिया जायेगा
12. पैकेज खाद्य सामग्री पर F.S.S.A.I. लाइसेंस न0,निर्माण तिथि, एक्सपाइरी तिथि, निर्माता का पुरा पता अंकित होना अनिवार्य हैं।
13. वर्त्तमान में अत्यधिक नमी एवं बंद स्थानों में आद्रता के कारण खाद्य सामग्री की सीघ्र खराब होने की साम्भावना होती है अतः दुकान परिसर में समुचित साफ सफाई उचित रखरखाव एवं भंडारण की आवश्यकता है
14. मिठाई दुकान एवं रेस्टोरेंट में किसी भी खाद्य सामग्री को सीधे हाथ से न उठायें।परोसने के लिए चिमटा, दास्ताना का उपयोग अनिवार्य है साथ ही सभी कर्मियों को हेड गियर और साफ एप्रोन पहनना अनिवार्य है।
15. निरीक्षण के द्वौरान जॉच हेतु नमुना संग्रह कर प्रयोगशाला भेजा जायेगा, दोशी पाये जाने पर संबंधित व्यक्ति पर कड़ी कारवाई की जायेगी।

फल विक्रेताओं के लिए दिशा निर्देश–

